दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com
रायपुर, शनिवार 11 अप्रैल 2020, वैशाख कृष्ण पक्ष-चतुर्थी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-60 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज पीएम मोदी से मुख्यमंत्री बघेल की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद कल मंत्री परिषद की बैठक में होगा अहम फैसला

लॉकडाउन पर संवेदनशीलता और सावधानी से लेंगे निर्णय : सीएम

स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव बोले- बढ़ सकता है खतरा, सौ फीसदी बढ़ना चाहिए लॉकडाउन



नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। मुख्यमंत्री ने कहा कि शनिवार को प्रधानमंत्री की वीडियो कॉन्फ्रेंस के बाद 12 अप्रैल को राज्य मंत्रीपरिषद की बैठक में चर्चा कर लॉकडाउन के बारे में निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि लॉकडाउन उठाने का निर्णय पूरी संवेदनशीलता व सावधानी के साथ लिया जाएगा। लॉकडाउन उठाने का निर्णय करते समय हमें जीवन और जीविका के बीच संतुलन रखना होगा। मुख्यमंत्री ने ये बाते शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में चना, गेहूं की फसल को असमय ओलावृष्टि से काफी नुकसान हुआ है। अभी गेहूं की कटाई चल रही है। गर्मी के धान की फसल किसान ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में मनरेगा में पांच ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बढ़ सकती है मरीजों की संख्या

छत्तीसगढ़ में अब तक कुल 18 कोरोना मरीज चिन्हित हुए। जिनमें 9 डिस्चार्ज हुए और 9 अस्पताल में हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ में मरीजों की संख्या बढ़ सकती है और कुछ जानकार लोग तो दावे के साथ कह रहे हैं कि बढ़ेंगे ही। यही वजह है कि प्रदेश सरकार आगे की स्थितियों से निपटने कोई कसर बाकी नहीं रख रही है। रायपुर के अम्बेडकर अस्पताल के अलावा जगदलपुर मेडिकल कॉलेज के 200 बिस्तरों वाले अस्पताल को कोरोना मरीजों के लिए तैयार करके रखा गया है। प्रदेश के बाकी चार मेडिकल अस्पतालों के 100-100 बेड भी तैयार रहेंगे। एम्स का 500 बेड पहले से तैयार है। जरूरत पड़ने पर रिम्स की भी मदद ली जा सकती है। यहां की सरकार तो अपनी जिम्मेदारी निभा रही है, लेकिन केन्द्र सरकार से बड़ी अपेक्षाएं हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पड़ोसी राज्य पहले ही बढ़ा चुके लॉकडाउन

छत्तीसगढ़ में लॉकडाउन पर 12 अप्रैल को फैसला होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 12 अप्रैल को कैबिनेट की बैठक बुलायी है, बैठक में लॉकडाउन बढ़ाने को लेकर बड़ा फैसला लिया जायेगा। दरअसल 11 अप्रैल को प्रधानमंत्री सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग कर देश के मौजूदा हालात पर चर्चा करने वाले हैं। प्रधानमंत्री के साथ बैठक के दूसरे दिन मुख्यमंत्री कैबिनेट में इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे। हालांकि जिस तरह से पड़ोसी राज्य ओडिशा और मध्यप्रदेश ने लॉकडाउन बढ़ाने के निर्णय लिये हैं, उसे देखकर ये माना जा रहा है कि छत्तीसगढ़ में भी लॉकडाउन बढ़ाया जायेगा।

आज बेबाक

पूरी दुनिया में कोरोना फैलाने वाले ड्रैगन ने अब कई देशों को नकली मास्क बेचने का गंदा धंधा शुरू कर दिया है। इस गोरखधंधे से चीन मोटी कमाई कर रहा है। उसके द्वारा नकली मास्क की सप्लाई करने से कोरोना की चुनौती का सामना करने वाले देशों में कोरोना और तेजी से फैल रहा है। ऐसे में इस संदेह को बल मिलता है कि पूरी दुनिया को कोरोना की चपेट में लाने के लिए चीन ने गहरी चाल चली है। आधी दुनिया में लॉकडाउन और कर्फ्यू लगवाने वाले चीन को उसके इस जघन्य अपराध की सजा देने सभी देशों को एकजुट होना होगा और उसे सबक सिखाना होगा।

खास खबर

20 हजार से ज्यादा विदेशी नागरिकों को उनके देश पहुंचाया

नई दिल्ली ए.। कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के कारण पूरे देश में 21 दिनों का लॉकडाउन है। इस वजह से भारत में फंसे विदेशी नागरिकों को भी काफी परेशानी हो रही थी। विदेश मंत्रालय ने गृह मंत्रालय और राज्य सरकारों के साथ मिलकर कल यानी शुक्रवार तक 20 हजार से अधिक विदेशी नागरिकों का रेसक्यू किया। आज विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि अभी तक सरकार ने 20473 विदेशी नागरिकों का रेस्क्यू किया है। ये अभी भी जारी है। उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय, राज्य सरकारों के साथ-साथ सभी विभागों ने इस काम में सहयोग किया।

विश्व में 95745 लोगों की कोरोना से मौत

बीजिंग/ जेनेवा/ नई दिल्ली (वार्ता)। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है और दुनिभर में अब तक इससे 95745 लोगों की मौत हो चुकी है तथा 16.03 लाख लोग संक्रमित हुए हैं, जबकि 3.56 लाख लोग इससे ठीक हुए हैं। भारत में भी यह संक्रमण तेजी से पैर पसार रहा है।

सीएम के निर्देश पर गुरुवार रात से ही कोरोना टेस्ट के लिए सैंपलिंग का काम शुरू

कटघोरा में घर-घर जाकर सैंपल ले रहे स्वास्थ्यकर्मी

■ संपूर्ण कोरबा जिले में पुलिस सख्ती से कर रही आने-जाने वालों की जांच

■ कटघोरा में मेडिकल स्टोर्स व पेट्रोल पंप जैसी आवश्यक सेवाएं भी बंद

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। कोरबा के कटघोरा में 15 घंटे में 8 कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद यहां चौकसी बढ़ा दी गई है। वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार कटघोरा में अब स्वास्थ्यकर्मी घर-घर पहुंचकर लोगों का सैंपल ले रहे हैं। गुरुवार की रात से ही सैंपल लेने का काम शुरू हो गया है। गुरुवार रात को ही 87 लोगों का सैंपल लिया जा चुका है। शुक्रवार को भी भी यह काम जारी रहा। वहीं दूसरी ओर पूरे कोरबा जिले में सतर्कता तेज की गई है। जिला मुख्यालय में सभी चौक चौराहों पर आने-जाने वालों की जांच को लेकर पुलिस का रुख सख्त हो गया है। कटघोरा में सबसे पहले महाराष्ट्र के नागपुर का एक 16 वर्षीय कोरोना पॉजिटिव पाया गया था। उसके बाद बुधवार की रात को 52 वर्षीय व्यक्ति की पॉजिटिव रिपोर्ट आई। इसके अगले ही दिन यानी गुरुवार को सात और मामले उजागर हुए। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मामले को गंभीरता से ले रही पुलिस

पूरे मामले में जिला पुलिस के अधिकारियों चिंता जताई है। अधिकारियों का कहना है कि जिन लोगों की गैर जिम्मेदाराना भूमिका के कारण यह सब हुआ और बहुत सारे लोग परेशान हुए हैं, उन्हें गंभीरता से लिया जाएगा और आगे नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

संपर्क में आए 52 को किया गया क्वारंटाइन

कटघोरा क्षेत्र में बाहर से आने वालों संपर्क में आए 52 लोगों को क्वारंटाइन किया गया था। इनके नमूने परीक्षण के लिए एम्स रायपुर भेजे गए हैं। वहीं एम्स रायपुर से प्राप्त जानकारी के मुताबिक यहां किसी भी स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त वेंटिलेटर की व्यवस्था की जा रही है।

कटघोरा का कोरबा कनेक्शन, तालापारा में 21 लोग आइसोलेट

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा/बिलासपुर। कटघोरा में मिले कोरोना संक्रमित की ट्रैवल हिस्ट्री बिलासपुर के तालापारा से जुड़े होने की बात सामने आ रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक कटघोरा के एक संक्रमित व्यक्ति के बेटी-दामाद कुछ दिन पहले ही कटघोरा होकर तालापारा लौटे हैं। यह भी जानकारी सामने आ रही है कि कटघोरा का एक संक्रमित भी तालापारा होकर लौटा है। ये जानकारियां मिलते ही बिलासपुर का स्वास्थ्य अमला सक्रिय हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर रात पुलिस की मौजूदगी में स्वास्थ्य विभाग ने बिलासपुर के तालापारा निवासी कटघोरा के एक संक्रमित व्यक्ति के बेटी-दामाद व उनके चार किराएदारों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संक्रमितों की खंगाली जा रही ट्रैवल हिस्ट्री

कटघोरा में अचानक सात कोरोना पॉजिटिव मिलने के बाद प्रशासन इन संक्रमितों से जुड़े हर व्यक्ति की जानकारी जुटाई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग इनकी ट्रेवल हिस्ट्री खंगाल ली है। गुरुवार की देर रात टैवल हिस्ट्री मिलने के बाद पता चला कि तालापारा में उनके बेटी-दामाद रहते हैं। वे महज 20 से 25 दिन पहले कटघोरा गए थे। जिसके चलते यह इलाका संवदेनशील हो गया है। आनन-फानन में स्वास्थ्य विभाग की टीम तालापारा पहुंची। पुलिस के साथ टीम ने पति-पत्नी के साथ ही किराएदार चार परिवार के 21 सदस्यों को आइसोलेट कर दिया है और उनके सैंपल लिए गए हैं।

नेपाल के रास्ते भारत में कोरोना वायरस फैलाने की साजिश

डीएम ने कहा- 40-50 लोग सीमा में घुसे

पटना ए.। भारत ने कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है, लेकिन देश के दुश्मन नहीं चाहते कि इस बीमारी का कहर देश में थमे। सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) से मिले इनपुट्स के आधार पर पश्चिम चंपारण के डीएम कुंदन कुमार ने जिले के एसपी को पत्र लिखकर अलर्ट किया है कि नेपाल से एक समुदाय विशेष के करीब 40-50 संदिग्ध लोगों भारतीय सीमा में कोरोना वायरस फैलाने के मंसूबे से घुसे हैं।

दरअसल, 3 अप्रैल को एसएसबी ने पश्चिम चंपारण के डीएम को गोपनीय पत्र भेजकर

सूचित किया था कि नेपाल के पारस जिले का एक शख्स जालिम मुखिया भारत में कोरोना वायरस फैलाने की साजिश रच रहा है। यह शख्त भारत में अवैध हथियारों की तस्करी में भी शामिल है। डीएम कुंदन कुमार ने एसपी को पत्र लिखकर अलर्ट किया है कि नेपाल के पारसा जिले के सेरवा थाने के जानकी टोला पोस्ट ऑफिस के तहत जगनाथपुर गांव का रहने वाला जालिम मुखिया भारत में कोरोना महामारी फैलाने की योजना बना रहा है। डीएम ने अपने पत्र में आगाह करते हुए लिखा है कि 40 से 50 समुदाय विशेष के भारतीय नागरिकों के भारत आने की सूचना है। उन्होंने एसपी से अनुरोध किया है कि भारत-नेपाल सीमा पर सतर्कता बरती जाए और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर कड़ाई से निगरानी की जाए।

पंजाब में 30 अप्रैल तक लॉकडाउन

चंडीगढ़ (वार्ता)। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) को फैलने से रोकने के लिए पंजाब में भी लॉकडाउन और कर्फ्यू की अवधि बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दी गई है। राज्य के स्पेशल चीफ सेक्रेटरी के.बी.एस. सिधु ने शुक्रवार (10 अप्रैल) को यह जानकारी दी। इसके साथ ही ओडिशा के बाद पंजाब ऐसा दूसरा राज्य बन गया है, जहां लॉकडाउन को बढ़ाकर 30 अप्रैल तक कर दिया गया है।

पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने पहले ही राज्य में लॉकडाउन बढ़ाने का संकेत देते हुए कहा था कि उनकी सरकार इसे बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रही है क्योंकि पाबंदियां हटाने के लिए यह उपयुक्त समय नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि कोरोना वायरस के खिलाफ केंद्र की ओर से राज्यों के लिए तय 15 हजार करोड़ रुपए का पैकेज नाकाफी है और ऐसे में मोदी सरकार को प्रदेश सरकारों को पर्याप्त वित्तीय मदद देनी चाहिए। पंजाब में 10 अप्रैल सुबह कोरोना का दो नए मामले सामने आने के साथ कुल मामलों की संख्या 132 हो गई है।

किसानों को लॉकडाउन में ढील

मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने बताया कि 15 अप्रैल से किसानों को फसलों की कटाई के लिए लॉकडाउन में ढील दी जाएगी और इसमें सामाजिक दूरी का ध्यान रखा जाएगा। सिंह ने वीडियो लिंक के माध्यम से संवाददाताओं से कहा हमने पहले लॉकडाउन किया और बाद में कर्फ्यू लगाया। फिर लोगों तक जरूरी वस्तुओं को पहुंचाने की व्यवस्था की। हमारे लोग हर मोहल्ले में पहुंचकर जरूरी वस्तुएं मुहैया करा रहे हैं।

पीएमओ ने कोरोना महामारी से निपटने के तरीकों की समीक्षा की

नयी दिल्ली, (वार्ता)। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कोरोना महामारी से निपटने के प्रयासों की शुक्रवार को समीक्षा की और कहा कि देश भर में समय पर संबंधित सूचनाओं का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय भाषाओं में संवाद के जरिए अंतिम आदमी तक पहुंचने पर जोर दिया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार कोरोना महामारी के फैलाव के परिणाम स्वरूप उभर रही चुनौतियों से निपटने के लिए अधिकारियों के उच्चाधिकार प्राप्त समूहों की एक बैठक प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस महामारी के प्रतिकूल प्रभावों का सामना करने के लिए मौजूदा समय में जारी प्रयासों पर करीबी नजर रखने के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय की विभिन्न स्तरों पर समय-समय पर आयोजित की जाने वाली ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ी एम्स में 52 वेन्टिलेटर मंगवाये

एम्स में कुल उपलब्ध वेंटिलेटर 127

रायपुर (नव प्रदेश)। कोरोना वायरस के प्रकोप से छत्तीसगढ़ को भी अब तक निजात नहीं मिली है। पिछले दिनों कोरोना वायरस का मरीज इलाज हेतु केवल एक एम्स में भर्ती किया गया था किंतु गुरुवार को कटघोरा जिले में आठ और कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या संक्रमित होने की बात अब एम्स में नौ संक्रमित मरीजों को भर्ती कर उनका सुचारू इलाज किया जा रहा है। एम्स के डायरेक्टर डॉ. नितीन एम.नागरकर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कोरोना मरीजों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए 52 और वेन्टिलेटर की मांग केंद्र सरकार को भेजी गई है। अभी एम्स में 75 वेंटिलेटर उपलब्ध है। 52 और वेंटिलेटर मिलने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोरोना से दुनिया 1930 की महामंदी के बाद देखेगी सबसे खराब आर्थिक संकट

170 देशों में घटेगी प्रति व्यक्ति आय : आईएमएफ

नई दिल्ली ए.। दुनियाभर के देश कोरोना वायरस के प्रकोप से घिरे हुए हैं। इस बीच अंतराष्टीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक, क्रिस्टालिना जार्वीवा ने कहा है कि 1930 की महामंदी के बाद से दुनिया को सबसे खराब आर्थिक गिरावट का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक विकास 2020 में तेजी से नकारात्मक हो जाएगा और 170 से अधिक देशों में इस वर्ष प्रति व्यक्ति आय वृद्धि नकारात्मक होगी। आईएमएफ प्रमुख ने कहा, हालांकि यह पहले से ही स्पष्ट है कि वैश्विक विकास 2020 में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

2020 में आएगी जोरदार गिरावट

क्रिस्टलीना जार्वीवा ने मौजूदा हालात पर चिंता जताते हुए कहा कि कोरोना के कारण दुनिया की अर्थव्यवस्था में 1930 की महामंदी के बाद की सबसे बड़ी गिरावट आ सकती है। उन्होंने कहा कि दुनिया इस संकट की अवधि को लेकर असाधारण रूप से अनिश्चित है, लेकिन यह पहले ही साफ हो चुका है कि 2020 में वैश्विक वृद्धि दर में जोरदार गिरावट आएगी।

गरीबों के लिए भयानक चुनौती

आईएमएफप्रमुख ने कहा कि कई घनी आबादी वाले शहर और गरीबी से जूझ रहे झुग्गियों में रहने वाले लोग वायरस से लड़ने की भयानक चुनौती का सामना कर रहे हैं। कोरोना महामारी के बीच पनपे संकट पर हाल ही में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के प्रमुख रॉबर्टो एजेवेदो ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि दुनिया साल 20088-09 से भी बड़ी मंदी देख सकती है। उन्होंने अनुमान जताया है कि विश्व व्यापार में एक तिहाई तक की कमी आ सकती है।

गरमा-गरम

उम्मीद — पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 678 नए मामले, कुल केस 6,412, अब तक 199 मौत: स्वास्थ्य मंत्रालय

देश में अभी कम्यूनिटी ट्रांसमिशन नहीं, संक्रमण की रफ्तार धीमी

नई दिल्ली ए.। देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पिछले 24 घंटे में 678 नए केस सामने आने से कुल मामले बढ़कर 6,412 हो चुके हैं। हालांकि, राहत की बात यह है कि देश में अभी कम्यूनिटी ट्रांसमिशन की स्थिति नहीं है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि देश में अभी कम्यूनिटी ट्रांसमिशन की स्थिति नहीं है लेकिन सतर्कता जरूरी है। देश में टेस्टिंग की रफ्तार भी तेजी से बढ़ी है और अब कुल 213 लैब काम कर रहे हैं।

गुरुवार को 16,002 टेस्ट हुए, 2% ही पॉजिटिव

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि पर्याप्त संख्या में टेस्ट किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय में जॉइंट सेक्रटरी लव अग्रवाल ने बताया कि जनवरी में हमने 1 लैब से काम शुरू किया, उसे बढ़ाकर 15 पहुंचाया और आज 146 सरकारी लैब हैं, 67 प्राइवेट लैब हैं जिनके 16 हजार से ज्यादा कलेक्शन सेंटर हैं। उन्होंने बताया कि जनवरी में हम रोजाना 100 टेस्ट कर रहे थे। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

678 नए केस, अब तक 199 की मौत

देश में अब तक कोरोना वायरस संक्रमण के कुल 6,412 मामलों की पुष्टि हुई है। इनमें से 503 लोग ठीक हो चुके हैं। कल से आज तक में 678 नए केस सामने आए हैं। अब तक 199 लोगों की मौत हो चुकी है। अकेले गुरुवार को 33 लोगों की मौत हुई।

घरेलू इस्तेमाल के लिए पर्याप्त हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन

मलेरिया के इलाज में काम आने वाली दवा हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन को कोरोना के इलाज में भी कारगर माना जा रहा है। भारत बड़े पैमाने पर इस दवा का निर्माण करता है, लिहाजा तमाम देशों की तरफसे भारत से इस दवा की मांग का सिलसिला जारी है। भारत ने हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया था लेकिन बाद में यह प्रतिबंध हटा लिया। अब आशंकाएं उठ रही हैं कि क्या निर्यात के बाद भारत के पास पर्याप्त दवा होगी। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक भारत के पास पर्याप्त हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन है।

पीपीई, एन-95 मास्क और वेंटिलेटर की पर्याप्त व्यवस्था

अग्रवाल ने बताया कि लॉजिस्टिक्स की दिक्कतों की वजह से शुरुआत में एन-95 मास्क की कुछ दिक्कत हुई लेकिन राज्यों को पर्याप्त संख्या में मास्क भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि 9 लाख मास्क राज्यों के पास उपलब्ध थे, 2 महीने में राज्यों को अतिरिक्त 20 लाख मास्क उपलब्ध कराए गए हैं। मास्क की कमी नहीं होगी। इसी तरह राज्यों को पर्याप्त पीपीई भेजने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। अब देश में ही पीपीई के 39 मैन्यूफैक्चरर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि 49 हजार वेंटिलेटर के ऑर्डर दिए जा चुके हैं जो आने वाले दिनों में आ जाएंगे।

शंकराचार्य हास्पिटल में सभी रोगों का उपचार जारी

- हृदय मस्तिष्क कैंसर के इलाज व जांच की सुविधा
- पुराने अस्पताल का 200 बेड कोरोना के लिए अपडेट

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। जुनवानी स्थित श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस अस्पताल परिसर में जहां 350 बिस्तर वाले पुराने अस्पताल को शासन के निर्देश पर कोरोना अस्पताल के लिए सुरक्षित कर दिया गया है वही परिसर के भीतर 750 बिस्तर वाले नए अस्पताल में ओ.पी.डी. के साथ अन्य सभी रोगों का उपचार सुविधा के साथ हो रहा है। इससे यह स्पष्ट है कि श्री शंकराचार्य अस्पताल कोरोना अस्पताल के लिए दे दिए जाने की खबर एक भ्रम है। अस्पताल में अन्य कई रोग से पीड़ित मरीजों के उपचार के साथ सर्जरी डिलीवरी सहित हृदय व मस्तिष्क के ऑपरेशन की सुविधा है। मौजूदा परिस्थितियों में कोरोना संक्रमण के चलते अस्पताल में सोशल डिस्टेसिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

पुराना अस्पताल कोरोना हेतु अधिग्रहित

वर्तमान स्थिति में कोरोना के संक्रमण को देखते हुए भविष्य की परिस्थिति से निपटने शासन ने 2 सौ बिस्तर वाले अस्पताल को अधिग्रहित किया है। श्री शंकराचार्य हास्पिटल प्रबंधन ने 350 बिस्तर वाले पुराने अस्पताल में 2 सौ बिस्तर अस्पताल को कोरोना प्रभावितों के लिए तैयार किया है। नए अस्पताल से पूरी तरह से अलग रखा गया है और वहां सामान्य लोगों की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है। शंकराचार्य हास्पिटल से पहले द्वार क्रमांक 02 को कोरोना अस्पताल का प्रवेश द्वार बनाया गया है इसके लिए डाक्टरो व मेडिकल स्टॉफ की अलग टीम बनाई है जो भविष्य में शासन के निर्देश पर कार्य करेगी।

संक्रमण से फैलता है कोरोना : डॉ. द्विवेदी

श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. संकल्प द्विवेदी ने नवप्रदेश को बताया कि कोरोना एक आर.एन.ए. वायरस है इसका संक्रमण तेजी से फैलता है। इससे लड़ने में सोशल डिस्टेसिंग का पालन करना बेहद आवश्यक है। इस वायरस से ज्यादातर ऐसे लोग प्रभावित होते है जिनका इम्युनिटी पावर कमजोर होता है। इसके साथ- साथ जो कैंसर डायबिटिज व हृदय रोग से ग्रसित है उन पर इसका खसरा अधिक होता है। उन्होने कहा कि 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगो को सावधान रहने की जरुरत है। उन्होने कहा कि प्रारंभिक अवस्था में जब सर्दी खासी व बुखार की स्थिति बने तब इसका उपचार हो जाता है। लेकिन जब इसका असर फेफडे तक पहुंचता है तब खतरे की स्थिति बन जाती है। फेफड़े में संक्रमण से श्वास की नली में परत जम जाती है जिससे मरीज को श्वास लेने में तकलीफ होती है और मृत्यु भी हो जाती है। इसके लिए मास्क पहनने के साथ सोशल डिस्टेसिंग जरुरी है। उन्होने कहा कि यदि प्रारंभिक अवस्था में खांसी, सर्दी बुखार की स्थिति बने तब तत्काल चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

नए अस्पताल में ओ.पी.डी. के साथ ऑपरेशन की सुविधा

श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. संकल्प द्विवेदी ने बताया कि पुराने अस्पताल में 200 बिस्तर को कोरोना के उपचार के लिए पूरी तरह से अपडेट कर दिया गया है। यह अस्पताल परिसर में पूरी तरह से अलग है। वहां आने जाने की व्यवस्था भी अलग से बनाई गई है। वही 750 बिस्तर वाले नए अस्पताल में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक अन्य सभी रोगों के उपचार के लिए ओ.पी.डी. सुविधा जारी है। हृदय संबंधी रोग व अन्य सभी उपचार के लिए 24 घंटे डाक्टरो की टीम अस्पताल में मौजूद है। डिलवरी न्यूरो अन्य सर्जरी व कैंसर के रोगों का भी अस्पताल में कुशलता से इलाज हो रहा है। अस्पताल के भीतर सी.टी. स्केन एम.आर.आई. सहित सभी जांच की सुविधा उपलब्ध है। डॉ. द्विवेदी ने आगे बताया कि शंकराचार्य अस्पताल में कोरोना से प्रभावित का उपचार नही किया जा रहा है। इससे प्रभावितो को जिला अस्पताल या रायपुर एम्स में भेजे जाने का निर्देश शासन से मिला है लेकिन कोरोना संक्रमण के हालात को देखते हुए अस्पताल में सोशल डिस्टेसिंग का पालन विशेष रुप से किया जा रहा है। अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले अन्य मरीजो के उपचार में पूरी सावधानी बरती जा रही है और हृदय रोग के ऑपरेशन के साथ अन्य आपात सर्जरी की जा रही है। अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक कुशलता से उपचार कर रहे है। यह सुपर स्पेशलिटी अस्पताल मरीजों को बेहतर उपचार दिलाने प्रतिबद्ध है।

न्यूज गैलरी

वृद्ध ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

दुर्ग। जिला अस्पताल में एक वृद्ध ने शुक्रवार की अलसुबह फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक जगदीश टंडन 80 वर्ष ग्राम असोगा थाना रानीतराई (पाटन) का निवासी था। जिला अस्पताल में उसका प्रोस्टेट की बीमारी का इलाज चल रहा था। जिसमें सुधार भी आ रहा था। पुलिस द्वारा प्रारंभिक जांच में उसकी बीमारी को खुदकुशी का कारण मान रही है। घटना सामने आने से जिला अस्पताल में हड़कंप मच गया था। खबर पर जिला अस्पताल के सिविल सर्जन पी बालकिशोर, अन्य डॉक्टर्स व स्टॉफ ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से घटना की जानकारी ली।

राशनकार्ड विहीन परिवार को दिए राशन

दुर्ग। शहर के वार्ड 1 एव वार्ड 32 के राशनकार्ड से वंचित परिवारों को विधायक अरुण वोरा ने महापौर धीरज बकलिवाल एव सभापति राजेश यादव के साथ जाकर राशन अनाज, राहत सामग्री एव भोजन का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि विधायक वोरा की पहल पर महापौर एवं निगम आयुक्त द्वारा कार्ययोजना बना कर राशनकार्ड विहीन परिवारों को चिन्हित कर उन्हें राशन अनाज व राहत सामग्री उन तक निरन्तर पहुंचायी जा रही है। वार्ड 1 एवं वार्ड 32 में परिवारो बिना राशन कार्ड के भटकाव की स्थिति में थे लॉकडाउन के दौरान वे अपने परिवार के लिए राशन व अनाज नहीं जुटा पा रहे थे। उन्ही चिन्हित परिवारों को आज वार्ड 1 नयापारा सारथी समाज भवन एव वार्ड 32 कंकालिन मंदिर में मुलाकात कर उन्हें राशन और अनाज एव भोजन वितरण किया।

वार्डो में सेनिटाईज

दुर्ग। महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त इंद्रजीत बर्मन के निर्देशानुसार आज निगम द्वारा 2 दर्जन से अधिक वार्डो के बस्तियों में वार्ड पार्षदों की सक्रियता से टैंकर एवं मशीन के माध्यम से दवाई का छिड़काव कर सेनीटाइज किया गया। कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए वार्ड में सेनिटाईज करने के दौरान पार्षद मदन जैन ने आपापुरा वार्ड के गवलीपारा, सिध्दार्थ नगर क्षेत्र में बहुत से लोगों को सेनिटाईर लिक्विड का वितरण किये।

सीवरेज के आसपास से गुजरने वाले पाइपलाइन का होगा सर्वे

निगम आयुक्त रघुवंशी ने दिए सख्त निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम क्षेत्रांतर्गत जल जनित पीलिया बीमारी से बचाव तथा अन्य मौसमी बीमारी के बचाव एवं रोकथाम के लिए आज निगम सभागार में आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें सोशल डिस्टेंस का पालन किया गया। आयुक्त ने सीवरेज के आसपास गुजरी हुई पाइप लाइन का सर्वे करने के निर्देश दिए हैं इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कहीं भी पाइप लाइन लीकेज की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल मरम्मत कार्य करावे तथा ऐसे लीकेज का भी निरीक्षण कराएं। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि जल शुद्धिकरण के लिए किसी भी संसाधनों की कमी ना रहे यह व्यवस्था सुनिश्चित करें। नालियों की सफाई पर भी विशेष ध्यान देकर निरंतर यह कार्य जारी रहे तथा सफाई पश्चात ब्लीचिंग एवं चूने का छिड़काव करें। अलग.अलग क्षेत्रों से कुआं, बोरवेल, हैंडपंप आदि जल स्त्रोतों के सैंपल परीक्षण के लिए 77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र में निरंतर भेजें और परीक्षण उपरांत उचित कार्यवाही करें तथा जोन कार्यालय में भी कीट के माध्यम से पानी के सैंपल की जांच कराएं। उन क्षेत्रों को भी विशेष तौर पर चयनित कर लें जहां पहले पीलिया, डायरिया की शिकायतें प्राप्त हो चुकी है ताकि इन क्षेत्रों में बीमारी दोबारा अपनी पकड़ ना बना सके। एक बार पानी की सेंपलिंग हो जाने के पश्चात उसी जगह के पानी का निश्चित समय उपरांत पुनः सैंपलिंग के लिए नमूना का परीक्षण कराएं ताकि समय.समय पर जल की गुणवत्ता परखी जा सके। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी बोरवेल खुले ना हो इसका खासा ध्यान रखें और जहां भी इस प्रकार से दिखे उसे वेल्डि कराएं। क्लोरीन टेबलेट के वितरण के वक्त इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी देते हुए वितरण कार्य करावे तथा जन जागरूकता व प्रचार.प्रसार जोन क्षेत्रों में जारी रहे। शहर को शुद्ध पेयजल प्रदाय हो इसके लिए जोन स्तर पर गतिविधियों की सतत निगरानी रखने के निर्देश बैठक में दिए गए। स्वास्थ्य से संबंधित सभी पहलुओं पर आयुक्त ने जोन के अधिकारियों से बारी.बारी से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

बंद पड़े हस्तपंप को चालू कराने की कार्यवाही करने दिए निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के पहल पर नगर पालिक निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने कोरोना संक्रमण के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु तथा ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए निगम क्षेत्र की आम जनता को प्रदूषित पानी एवं जनजनित बिमारी से बचाव हेतु एक आदेश पारित कर अधिकारियों को संबंधित कार्यों को अतिशीध्र कार्यवाही कर सुनिचित करने कहा। जिसमें निगम क्षेत्र में कितने किलो मीटर पानी की पाईप लाईन नालियों के अंदर से या नालियों के पास से गुजरी है हटाकर व्यवस्थित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगें। जहाँ-जहाँ से टेंकर से पानी की सप्लाई हो रही है उन क्षेत्रों को टेंकर मुक्त करने की योजना प्रस्तुत करें। पेयजल की सप्लाई की जाती है उसमे प्रारंभिक मध्यवर्ती एवं अंतिम छोर जहाँ पर पानी सप्लाई होती है सभी का सेम्पल लिया जाकर टेस्ट करावें। समस्त खुले पंप एवं बंद पड़े हस्त पंपों एवं पावर पम्पों में केपिंग किया जाना भी सुनिश्चित करें यदि दिये गये निदेशों का पालन नहीं किया जाता है तो किसी प्रकार की दुर्घटना की जिम्मेदारी आपकी होगी। पावर पंप बंद पड़े हस्त पंप को चालू करवाने की कार्यवाही की जाए। नालियों की साफ-सफाई कराई जावे एवं नियमित निरीक्षण करें। क्लोरिन टेबलेट का वितरण सुनिश्चित करें। प्रत्येक वार्डों के प्रत्येक मोहल्ले को रूट चाट बनाकर नियमित सेनिटाइजेशन की जावे। डोर टू डोर कलेक्शन की निरीक्षण नियमित रूप से करें। अनावश्यक कचरो का ढेर नहीं लगना चाहिए इसका विशेष ध्यान रखा जावे। एसएलआरएम के आसपास पशुओं का जमाव न हो तथा उक्त स्थल पर 100 प्रतिशत कचरे का निष्पादन सुनिश्चित की जावे तथा अनावश्यक रूप से कचरे डंप न किया जावे। आदेश के परिपालन में कार्यपालन अभियंता आरके साहू, सहा. अभियंता बीके सिंह, उपअभियंता हिमांशु कावड़े, प्रभारी स्वा. जगरनाथ कुशवाहा एवं सहा. राजस्व अधिकारी हरचरण सिंह अरोरा को उनके द्वारा की गई कार्यवाही से तीन दिनों के भीतर अवगत कराने का निर्देश दिए है।

सांवलाराम के नेतृत्व में भाजपा ने 43000 भोजन पैकेट का किया वितरण

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रीय महामंत्री डॉ सरोज पांडे की प्रेरणा एवं प्रदेश भाजपा के निर्देश पर जिलाध्यक्ष सांवलाराम डहरें के मार्गदर्शन में जिला के 10 मंडलों में लगभग 1000 कार्यकर्ताओं ने कोरोना लॉक डाउन में प्रवासी श्रमिकों दिहाड़ी मजदूरों तथा जरूरतमंद लोगों को 43000 पकाए हुए भोजन के पैकेट का वितरण किया। कार्यकर्ता तीन स्थानों पर सामूहिक भोजन अपने घरों से बनाकर सेवा किया तथा राशन में चावल, दाल, तेल, मसाला, प्याज, आलू, लगभग 3600 पैकेट सब्जी, 480 पैकेट 5000 सैनिटाइजर तथा 6000 मास्क का वितरण कर बेहतर समाज सेवा का परिचय दिया है 1000 किलो हरा घास गायों को खिलाकर गो भक्ति का परिचय दिया है। युवा मोर्चा के 15 वालंटियर ने 280 वृद्धजन एवं बीमार लोगों के लिए आवश्यकता की चीजों को घर पहुंच सेवा दिया है। 500 कार्यकर्ताओं ने एक दिवस का व्रत रखा है जिला के 123 शक्ति केंद्रों के कार्यकर्ता 622 बूथों पर 40 कार्यकर्ता पीएम फंड के लिए प्रत्येक कार्यकर्ताओं से कम से कम ?100 एवं अधिकतम उनकी क्षमता अनुसार राशि जमा कराने में जुटे हुए हैं लगभग 115000 की राशि 400 कार्यकर्ताओं ने जमा किया है। इस राहत कार्य मे सभी मंडलो के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं समस्त कार्यकर्ता तन मन धन से लगे हुए हैं। पीएम केयर्स फंड का जिला संयोजक का दायित्व संतोष सिंह एवं बिजेन्द्र सिंह को दिया गया है तथा राहत सामग्री का जिला में वितरण के संयोजक का दायित्व पुरषोत्तम देवांगन एवं संदीप अग्रवाल को दिया गया है।

मरकज से लौटे तबलीगी जमात के सभी लोग मेडिकल जांच कराएं : रजा

दुर्ग (नवप्रदेश)। वक्फबोर्ड चेयरमेन सलाम रिजवी की अपील के बाद अब मुस्लिम समाज के तमाम जनप्रतिनिधि भी दिल्ली से लौटे तब्लीगी जमात के लोगों से मेडिकल जांच कराने की अपील कर रहे हैं। दुर्ग जिले के मुस्लिम समाज के रजा खोखर ने कहा है कि दिल्ली से लौटे तब्लीगी जमात के लोग जहां पर भी हैं, उन्हें चेकअप कराना चाहिए। कई लोगों ने अभी तक मेडिकल जांच न कराते हुए गंभीर लापरवाही कर रहे हैं। कटघोरा में एक ही दिन में 8 लोगों को कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलना इसी लापरवाही का उदाहरण है। उन्होने कहा कि मरकज से लौटे तब्लीगी जमात के लोगों समेत उनके संपर्क में आने वाले लोग जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस प्रशासन को सूचना दें।

बैकुंठधाम मंदिर पास लगने वाला बाजार तैयार

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। आकाशगंगा में लगने वाले होलसेल मार्केट को बैकुंठ धाम मंदिर के समीप स्थित खाली मैदान में शिफ्ट किया गया है जहां पर लेआउट तैयार कर चुना मार्किंग कर दी गई है। आज से आकाशगंगा का होलसेल मार्केट बैकुंठ धाम मंदिर के समीप स्थित स्थल में लगने लगा है, मंडी समिति के अध्यक्ष जानसिंह द्वारा सब्जी विक्रेताओं की सूची प्रदाय किए जाने के पश्चात इनकी आईडी जारी की जा रही है ताकि कोई बाहरी विक्रेता यहां पर आकर व्यवसाय न कर सके। वाहनों के आवागमन को देखते हुए फुटकर सब्जी विक्रेताओं को भी यहां पर विक्रय करने की इजाजत नहीं होगी केवल होलसेल सब्जी विक्रेता जो आकाशगंगा से शिफ्ट हुए हैं। वही अस्थाई तौर पर इस स्थल का उपयोग कर सकेंगे। मंडी समिति अध्यक्ष एवं निगम के अधिकारियों का संयुक्त हस्ताक्षर से पहचान पत्र जारी किया जा रहा है। लॉक डाउन के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने तथा सोशल डिस्टेंस मेंटेन करने बाजार को शिफ्ट करने का निर्णय संयुक्त रूप से लिया गया है। आकाशगंगा सब्जी मार्केट में होलसेल एवं फुटकर दोनों व्यवसाय करते हैं जिससे अत्यधिक भीड़ होता है। इसको देखते हुए दोनों ही बाजार को पृथक.पृथक करने की कार्यवाही जारी है ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और सोशल डिस्टेंस बनाया जा सके। आकाश गंगा के फुटकर विक्रेताओं को शिफ्ट करने के लिए आसपास के तीन स्थल का चयन किया है, इन तीनों स्थल सर्कस मैदान, सुपेला थाना के बगल मैदान तथा राधिका नगर पानी टंकी के पास का मैदान का चयन किया है।

सैनिटाइजिंग कार्य में निगम ने झोंकी ताकत

निगम क्षेत्र को संक्रमण मुक्त बनाने के लिए सफाई एवं सैनिटाइजिंग का कार्य निरंजर जारी है, निगम के स्वास्थ्य विभाग का अमला व्हीकल माउंटेड मशीन द्वारा फागिंग एवं हैन्ड स्प्रे द्वारा तथा पानी टैंकरों के माध्यम से सैनेटाइज का कार्य सघन रूप से कर रहे है। कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम हेतु निगम प्रशासन आमजन से अपील कर रही है कि लोग अपने घर में ही रहे ताकि कोरोना वायरस को फैलने से रोका जा सके। वहीं लॉकडाउन के तहत सोशल डिस्टेंस बनाए रखने सभी सार्वजनिक स्थानों की मॉनिटरिंग भी नियमित रूप से कर रहे है। जोन के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वार्डों में सोडियम हाइपोक्लोराइट के घोल से घरों, दुकान, सार्वजनिक स्थानों को सेनीटाइज कर रही है। आज जोन 01 व जोन 03 में 31 सफाई कर्मचारियों ने 675 घरों तथा 29 मोहल्लों में हैन्ड स्प्रे से सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव करते हुए सेनेटाइज किया।

कार्यो की प्रशंसा... कोविड संक्रमण को रोकने के उपायों के साथ ही जरूरतमंदों की भी मदद रहे सर्वोच्च प्राथमिकता : राज्यपाल अनुसूइया उइके

कोरोना संक्रमण को रोकने की दिशा में छग में अच्छा कार्य

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। कोरोना के संक्रमण को प्रदेश में फैलने से रोकने के साथ ही लॉकडाउन से प्रभावित जरूरतमंदों की मदद करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दिशा में प्रदेश में और दुर्ग जिले में भी अच्छा काम हो रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन ने इस दिशा में अच्छा काम किया है इससे यहां संक्रमण को रोकने में सफलता मिली है। यह बात राज्यपाल अनुसूइया उइके ने कही। राज्यपाल आज दुर्ग में प्रियदर्शिनी परिसर में स्थित आश्रय स्थल में उन लोगों से मिलने पहुंची जो लॉक डाउन की वजह से फंस गए और जिनके रहने और खाने पीने की सुविधा का इंतजाम प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर राज्यपाल आश्रय स्थल में ठहरे नागरिकों से मिली। उन्होंने कहा कि यह संयम रखने का समय है। प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं ताकि संक्रमण की रोकथाम हो सके। जरूरतमंदों की मदद हो, इसके लिए भी पूरा प्रयास किया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि आज मेरा जन्मदिन भी है। मैंने ईश्वर से भी प्रार्थना की है कि मानवता को जल्द ही कोरोना की व्याधि से मुक्त करें। राज्यपाल ने कहा कि कोरोना संक्रमण के इस दौर में कोरोना से लोगों को बचाने के लिए जूझ रहे स्वास्थ्य कर्मियों, पुलिस प्रशासनिक अमले, सफाई कर्मियों, सेवाभावी संस्थाए, मीडिया कर्मियों और सभी वॉलिंटियर्स के जज्बे की मैं प्रशंसा करती हूं। मानवता को बचाने यह सब आगे आए हैं आपके प्रयत्नों को जरुर सफलता मिलेगी। कोरोना संक्रमण को रोकने की इस लड़ाई में हम सब आपके साथ हैं। हम मिलजुल कर सामूहिक प्रयासों से इस व्याधि को देश से दूर करेंगे। राज्यपाल ने कहा कि संकट की इस घड़ी में आप सभी से जितना बन सकता है उतना जरूरतमंदों का सहयोग करें। आपदा कोष में सहयोग राशि जमा करें। कोरोना संक्रमण के इस दौर में सोशल डिस्टेंसिंग सबसे अहम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो संदेश देश को दिया है उसे अक्षरशः अपनाकर कोरोना संक्रमण की गति को धीमा किया जा सकता है और अंततः इससे उसे थामने में मदद मिलेगी। अति आवश्यक सेवाओं में लगे लोगों के अतिरिक्त सभी लोग यदि लॉक डाउन की अवधि में पूरी तरह घर में रहे। घर की लक्ष्मण रेखा को नहीं तोड़े तो वे न केवल स्वयं इस संक्रमण से बचेंगे अपितु उनके परिवार जन भी संक्रमण से सुरक्षित रहेंगे। संकट की इस घड़ी में सभी वर्गों के जरूरतों का ध्यान शासन द्वारा दिया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा 2 महीने का चावल बीपीएल परिवारों को निःशुल्क प्रदान किया जा रहा है। लॉक डाउन की अवधि में आंगनबाड़ी के बच्चों को रेडी टू ईट फूड तथा मध्यान्ह भोजन का सूखा राशन घर तक पहुंचाया गया है। जरूरतमंद लोगों के लिए हेल्पलाइन बनाई गई है। हम छत्तीसगढ़ के भीतर फंसे दूसरे राज्यों के लोगों की मदद कर रहे हैं और दूसरे राज्यों में फंसे अपने लोगों की भी सुविधा सुनिश्चित करा रहे हैं। इस मौके पर कलेक्टर अंकित आनंद ने कोविड संक्रमण के रोकथाम के लिए किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर आईजी विवेकानंद सिन्हा भी मौजूद थे। उन्होंने भी दुर्ग डिवीजन में इस संबंध में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय यादव, आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी भी मौजूद रहे।

एसीसी ने किया सेनेटाइज

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। कोरोना वायरस के प्रकोप को कम करने एसीसी जामुल सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभा रही है। सुरक्षा, स्वच्छता और संकल्प ही कोरोना को समाप्त करने का सशक्त माध्यम है। वायरस की भयावह स्थिती से बचने के लिए एसीसी सीमेंट वर्क्स प्रबंधक वैभव दीक्षित के दिशा निर्देश में एवं एसीसी मानव संसाधन प्रमुख अनिल कुमार के मार्गदर्शन में ट्रस्ट ने जामुल में दवाई का छिडकाव करवाया। इस प्रयास के तहत एसीसी ट्रस्ट के कर्मचारीरियों ने अपने समस्त वालंटियर्स के साथ मिलकर जामुल स्थित बैंक, एटीएम, दुकानों, मार्किट एरिया, पुलिस स्टेशन एवं सार्वजनिक स्थान एवं वार्डों में छिड़काव कराया। पिछले दिनों में ग्राम पंचायत ढौर, मेडेसरा एवं नंदनी खूंदनी के सहयोग से एसीसी ने सम्पूर्ण गांवो को सेनेटाइज करवाया था। समय समय पर समस्त सेनेटाइजेशन से सम्बंधित व अन्य कार्य ट्रस्ट मैनेजर ब्रजेश नायक के द्वारा कार्यों का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन कर रहे हैं।

■ न्यूज गैलरी

राजेंद्र नगर में जुआ खेलते 5 गिरफ्तार

रायपुर। लाकडाउन के दौरान शहर के राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात सराफा कारोबारियों को जुआ खेलते पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा है। घटना की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी संजय पुंढीर ने बताया कि राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आम्रपाली सोसाइटी स्थित कमलेश जैन के मकान में जुआ खेलते हुए 5 कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया है तथा लगभग 5 लाख रुपए भी जब्त किए गए है। पुलिस को देखते ही कारोबारी हड़बड़ा कर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के बाद फोर्स के साथ जैन के मकान को घेरकर , मकान के भीतर तलाशी लेने पर नोटों के बंडल सहित ताश के पत्ते भी मिले।

4 लाख 95 हजार 750 रुपये जब्त

जमीन विवाद पर जान से मारने की धमकी

रायपुर। जायदाद संबंधी विवाद के चलते आये दिन लोगों के घरेलू विवाद में कभी-कभी आक्रामक स्थिति पैदा हो जाती है। वहीं जायदाद के सौदे भी आये दिन विवाद का कारण बनते हैं। मंदिर हसौद थाने से मिली जानकारी के अनुसार श्रीमती वंदना कुर्रे आयु 23 वर्ष पति डिलेश्वर कुर्रे निवासी ग्राम कोटनी मंदिर हसौद को जबरिया जमीन संबंधी विवाद को बढ़ाते हुए श्रीमती रंजीता माखीजा आयु 38 वर्ष पति सुंदर माखीजा देव अविनाश माखीजा, साहित माखीजा एवं उसके रिश्तेदारों ने सौंदा संबंधी विवाद पर प्रार्थिया की पिटाई करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। वहीं श्रीमती रंजना माखीजा पति संजय माखीजा ने डिलेश्वर कुर्रे एवं वंदना कुर्रे निवासी कोटनी मंदिर हसौद के खिलाफ उनके साथ अवैधानिक रूप से की गई पिटाई की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

लॉकडाऊन का उल्लंघन करने वाले 16 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

रायपुर। प्रदेश में लॉकडाउन के दौरान एक जगह एकत्र हुए 16 लोगों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। रतनपुर पुलिस ने एकत्रित हुए 16 लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध दर्ज किया है। बिना किसी जरूरी कारण के एक व्यक्ति के भी बाहर निकलने के साथ धार्मिक जगहों में लोगों के इकट्ठा होने पर भी पाबंदी लगाई गई है। लेकिन इन सभी नियमों को नजरअंदाज कर दरगाह में 16 लोग एकत्र हो गए और वो भी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किए बगैर। पुलिस को जब इसकी जानकारी मिली तो सभी 16 लोगों के खिलाफ शासन के आदेश का उल्लंघन करने के मामले में अपराध दर्ज किया है।

संकल्प, संयम, सावधानी से जीतेंगे हम सब

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में पत्रकारों से की चर्चा, सामाजिक संगठनों और मीडिया की सराहना की

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना वायरस संक्रमण के फैलाव को रोकने की कवायद में जुटी सरकार की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि लॉकडाउन के दौरान राज्य शासन के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ-साथ सामाजिक संगठनों, मीडिया ने अच्छा काम किया है।

सरकारी आदेश को आम जनता तक पहुंचाने में हम सफल हुए। उन्होंने कहा कि देश से कोरोना मिटाने के लिए हमें संकल्प, संयम और सावधानी पर खास ध्यान देना होगा। कोरोना आपदा के बीच सरकार के कामकाज को बताते हुए उन्होंने कहा कि हम गरीब परिवारों को दो महीने का राशन एक साथ दे रहे हैं। 40-45 लाख परिवारों तक राशन पहुंच गया है। अब वितरण का काम समाप्ति की ओर है। इसके वितरण में शिकायतें भी नहीं मिली है। जिनके राशन कार्ड नहीं बने थे। उन्हें भी चावल उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में महुआ बिनने, इमली तोड़ने का काम चल रहा है। इसके विक्रय करने में परेशानी हो रही थी। वन समितियों और स्व सहायता समूहों के जरिए खरीदी की व्यवस्थआ की गई है। यह अपने आप में उपलब्धि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कभी 100 फीसदी लॉकडाउन नहीं किया गया। कटघोरा के हॉटस्पाट बनने के बाद संवेदनशील क्षेत्र को लॉकडाउन किया गया है। उन्होंने लॉकडाउन के बारे में 12 अप्रैल को कैबिनेट में चर्चा करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि देश से कोरोना मिटाने के लिए हमें संकल्प, संयम और सावधानी पर खास ध्यान देना होगा।

आंध्र प्रदेश एसआईबी रिपोर्ट से कंफ्यूजन

सीएम बघेल ने दिल्ली के निजामुद्दीन के कार्यक्रम मामले में छत्तीसगढ़ सरकार पर उठ रहे सवालों को स्पष्ट किया। उन्होंने सारे कंफ्यूजन की वजह आंध्र प्रदेश की एसआईबी रिपोर्ट को बताया है। उन्होंने कहा प्रदेश में सिर्फ 107 लोग आये थे, उन सभी को चिन्हित कर लिया गया है, उन्हें क्वारंटाइन में रखा गया है। 159 की संख्या को लेकर भ्रम की स्थिति आंध्र प्रदेश की एसआईबी रिपोर्ट के आधार पर फैली है, लेकिन ये संख्या सही नहीं है। प्रदेश में सिर्फ 107 ही लोग आये थे और उन सभी की पहचान हो गयी है सभी को क्वारंटाईन कर लिया गया है। बता दें कि निजामुद्दीन के कार्यक्रम की संख्या को लेकर हाईकोर्ट में एक याचिका भी दायर की गयी थी। चर्चा इस बात की थी कि प्रदेश में वहां से लौट 52 लोगों का कोई पता नहीं चल पा रहा है, सिर्फ 107 लोगों को ही राज्य सरकार अभी ढूंढ पायी है।

कटाक्ष : सोशल नहीं फिजिकल डिस्टेंसिंग है जरूरी

कोरोना को लेकर बचाव के लिए केंद्र सरकार और पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल डिस्टेंसिंग वाला नारा बुलंद किया है। सीएम भूपेश बघेल ने कटाक्ष करते हुए कहा है कि सोशल डिस्टेंसिंग से काम नहीं चलेगा बल्कि फिजिकल डिस्टेंसिंग पर ध्यान देना होगा लोगों को। कोरोना के खिलाफ सोशल डिस्टेंसिंग से आगे बढ़कर अब फिजिकल डिस्टेंसिंग की जरूरत है, फिजिकल डिस्टेंसिंग बनाने में अगर हम कामयाब हुए, निश्चित ही हम कोरोना के खिलाफ बड़ी लड़ाई जीतने में कामयाब होंगे। हमें इसके लिए मानसिक रूप से तैयार रहना होगा। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कोरोना को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार की तरफ से किये जा रहे उपायों और निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ कोरोना से बड़ी ही सक्रियता से निपट रहा है। प्रदेश में जो अब तक 18 संक्रमित मरीज मिले थे, उनमें से 9 अभी तक ठीक होकर घर लौट चुके हैं। उन्होंने इस आपदा में सहयोग कर रहे संगठनों, वालेंटियर्स और मीडिया का भी धन्यवाद दिया।

भाजपा विधायक देंगे मुख्यमंत्री आपदा कोष में सहायता

नवप्रदेश संवाददाता

■ **हर पार्टी विधायक 11-11 लाख के साथ वार्षिक वेतन का 30 प्रति. देंगे**

रायपुर। देर से ही सहीं लेकिन भारतीय जनता पार्टी के सभी विधायक मुख्यमंत्री आपदा कोष में 11-11 लाख रुपए बतौर सहायता राशि देंगे। इसका ऐलान आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व्दारा फोन पर नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक समेत सभी विधायकों से फोन पर चर्चा के बाद किया गया। नेताप्रतिपक्ष श्री कौशिक ने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ के भाजपा विधायकों व्दारा मूल वेतन का 30 प्रतिशत का अंश यानि कि एक वर्ष के लिए मुख्यमंत्री आपदा कोष में जमा कराएंगे। यही नहीं प्रधानमंत्री केयर फंड में भाजपा के सभी विधायक एक महीने का वेतन भी जमा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रतिपक्ष के नेता, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह सहित अनेक विधायकों से की रायशुमारी किए। उन्हों ने लॉक़ डाउन की मियादी तारीख 14 अप्रैल के बाद की स्थिति पर भी चर्चा की। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना से उत्पन्न स्थिति को देखते हुए भाजपा विधायक दल ने यह फैसला लिया है कि वह अपने वेतन का तीस प्रतिशत हिस्सा एक वर्ष के लिए मुख्यमंत्री आपदा कोष में देंगे। साथ ही प्रदेश में कोरोना की स्थिति को देखते हुए यह भी फैसला लिया गया है कि सभी विधायक अपने विधायक विकास निधि फंड से 11-11 लाख रुपए की राशि मुख्यमंत्री आपदा कोष में जमा करेंगे। प्रदेश के सभी भाजपा विधायकों ने अपने एक माह का वेतन प्रधानमंत्री केयर फंड में जमा करने का फैसला लिया है।

छत्तीसगढ़ में सात नए कोरोना पीड़ित मरीजों के सामने आने के बाद अफसरों की बढ़ी परेशानी

■ **कल पीएम देश के सभी सीएम से करेंगे वीडियो कान्फ्रेंस**

■ **12 अप्रैल को सीएम लेंगे मंत्रिमंडल, वरिष्ठ अफसरों की बैठक**

रायपुर। कोरोना मुक्त राज्य की दिशा में सबसे आगे चल रहे छत्तीसगढ़ में अचानक गुरूवार दोपहर बाद सात नए मरीजों के सामने आने के बाद से ही शासन-प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। राज्य शासन ने कटघोरा इलाके के साथ ही आसपास के इलाकों को पूरी तरह से सील कर दिया है। वहीं कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ होने वाले वीडियो कान्फ्रेसिंग में मुख्यमंत्री राज्य के हालातों के संबंध में जानकारी देंगे। इसके पश्चात 12 अप्रैल को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ ही आला अफसरों की एक बैठक लेने वाले हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य अब तक कोरोना संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण के मामले में सबसे आगे चल रहा था। पूरे देश में एकलौता छत्तीसगढ़ राज्य ऐसा था जहां कोरोना संक्रमण से पीड़ित मरीज सबसे पहले स्वस्थ्य होकर अपने-अपने घर पहुंचे थे। राज्य शासन के मुखिया भूपेश बघेल भी कोरोना संक्रमण की रोकथाम और जरूरतमंदों तक हर संभव प्रयास पहुंचाने के लिए स्वयं फिल्ड में उतरकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे थे। 09 अप्रैल के दोपहर तक स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में नजर आ रही थी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिस तरह से त्वरित कदम उठाते हुए तथा ठोस निर्णय लेकर कोरोना संक्रमण के खिलाफ अभियान संभाला हुआ है, इससे अभी भी राज्य में संक्रमण एक तरह से पूरी तरह से नियंत्रण में है। लेकिन अचानक कल दोपहर बाद कोरबा जिले के कटघोरा से सात नए मरीजों के सामने आने के बाद से ही हालात कुछ हद तक बिगड़ा है। हालांकि शासन-प्रशासन और एम्स के चिकित्सकों की माने तो इस बात के लिए पहले से ही तैयारी की गई है कि अचानक मरीजों की संख्या बढ़े तो इस स्थिति में क्या करना है? इस लिहाज से अभी भी हालात पूरी तरह से नियंत्रण में हैं। एम्स के चिकित्सकों ने भी दावा किया है कि राज्य में हालात नियंत्रण में है और मरीजों की संख्या यदि अचानक बढ़ती भी है तो इसके लिए भी पूरी तैयारी की गई है। एम्स के अलावा आंबेडकर अस्पताल में भी कोरोना संक्रमण से निपटने युद्ध स्तर पर तैयारी पूरी की जा चुकी है। इधर 14 अप्रैल को देशभर में 21 दिनों के लिए जारी लॉकडाउन की अवधि समाप्त होने वाली है। इसके पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के सभी मुख्यमंत्रियों से वीडियो कान्फ्रेंस कर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने वाले हैं। जानकारों की माने तो पीएम श्री मोदी सभी सीएम से उनके राज्यों की हालात, प्रभावित जिलों की संख्या, कोरोना पीड़ित मरीजों की संख्या, क्वारंटाईन में रखे गए लोगों की संख्या, उपचार सुविधा आदि को लेकर जानकारी लेंगे। इसके बाद ही लॉकडाउन को खत्म करने अथवा आगे बढ़ाने को लेकर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इधर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी पीएम श्री मोदी से होने वाले वीडियो कान्फ्रेंस के बाद 12 अप्रैल को मंत्रिमंडल के साथ ही वरिष्ठ प्रशासनिक अफसरों की बैठक लेंगे।

एसएसपी-कलेक्टर ने किया शहर के कई इलाकों में फ्लैग मार्च

रायपुर (नव प्रदेश)। राजधानी में जारी लॉकडाउन के बीच सड़कों पर बेवजह घूमने वालों के खिलाफ आज राजधानी पुलिस ने फिर से सख्ती बरती। घरों से बाहर निकलने का कोई उचित कारण न बता पाने वालों को पुलिस के गुस्से का भी सामना करना पड़ा। देशभर में लागू लॉकडाउन की अवधि 14 अप्रैल को पूरी होने वाली है। इधर शहर में लॉकडाउन का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस ने आज फिर से सख्ती बरती। राज्य पुलिस प्रमुख डीजीपी डीएम अवस्थी द्वारा सभी पुलिस अधीक्षकों से सभी जिलों में लॉकडाउन का सख्ती से पालन कराने के निर्देश के बाद आज एसएसपी के साथ कलेक्टर ने शहर के कई इलाकों में फ्लैगमार्च किया।

इस दौरान अफसरों ने सड़कों पर बेवजह निकल रहे लोगों को लॉक डाउन का कड़ाई से पालन कराने के लिए प्वाइंटों में तैनात अधिकारियों को निर्देश भी दिया। इसके बाद से ही शहर के विभिन्न चौक-चौराहों में बने प्वाइंटों पर तैनात पुलिस कर्मचारियों ने एक बार फिर से सड़कों पर निकलने वालों के खिलाफ सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। शहर के कई इलाकों में बेवजह घरों से निकलकर सड़कों पर घूम रहे लोगों को पुलिस के गुस्से का भी सामना करना पड़ा।

किल्लत शुरू...

पुरानी बस्ती में पीलिया का प्रकोप, पाइप लाइन सुधार के कारण पानी की समस्या टैंकरों में टूट पड़े लोग

मुलाकात मंत्री श्रीमती भेंड़िया ने राजधानी में वृद्धाश्रम, बहुविकलांग गृह और राहत शिविर का किया निरीक्षण

जरूरतमंद और बेसहारा लोगों का जाना हाल-चाल

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। महिला बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया बुजुर्गों, दिव्यांगजन सहित समाज के वंचित और जरूरतमंद लोगों तक राहत और कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का लगातार निरीक्षण कर रही हैं। इसी क्रम में बालोद और दुर्ग जिले के बाद आज श्रीमती भेंड़िया राजधानी के माना कैम्प स्थित समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय वृद्धाश्रम, बहदिव्यांग गृह, पुनर्वास केन्द्र, महिला एवं बाल विकास द्वारा संचालित बालाश्रम और लॉकडाउन में फंसे लोगों के लिए बनाए गए लाभाण्डी स्थित राहत कैम्प का जायजा लेने पहुंची। श्रीमती भेंड़िया ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का हाल-चाल पूछा और उनके स्वास्थ्य, खान-पान और दिनचर्या की जानकारी ली। उन्होंने बुजुर्गों के कोरोना संक्रमण से अधिक प्रभावित होने के जोखिम को देखते हुए अधिकारियों को बुजुर्गों के स्वास्थ्य और संक्रमण से सुरक्षा के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने के दिये निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि इस आश्रम में राज्य के 26 बुजुर्ग निवास कर रहे हैं।

श्रीमती भेंड़िया से बुजुर्गों ने वृद्धाश्रम की व्यवस्था के बारे में संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यहां खाने और रहने की अच्छी व्यवस्था है। यहां उन्हें कोरोना वायरस के संक्रमण और उससे बचाव के लिए आवश्यक सावधानी रखने कहा गया है। सभी बुजुर्गों को मास्क दिए गए है और लगातार हाथ धोने के लिए कहा गया है। आश्रम में समय-समय पर कीटनाशक का स्प्रे भी किया जाता है। श्रीमती भेंड़िया ने बुजुर्गों को कोरोना संक्रमण से भयभीत न होने की सलाह देते हुए आवश्यक सावधानी बरतने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सर्दी-खांसी या बुखार की शिकायत होने पर अधिकारियों को तुरंत सूचित करें।

शासकीय बहुदिव्यांग गृह पहुंचकर श्रीमती भेंड़िया ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों से मुलाकत की और उन्हें कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के बारे में बताया। श्रीमती भेंड़िया ने लॉकडाउन के दौरान बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों में लगाए रखने और संक्रमण से बचाव के मापदण्डों के पालन के निर्देश दिए हैं। इस केन्द्र में मानसिक के साथ-साथ बहुदिव्यांग एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के शिक्षण-प्रशिक्षण, आवास, भोजन, स्वास्थ्य जांच सहित शारीरिक एवं मानसिक विकास की निःशुल्क व्यवस्था है। श्रीमती भेंड़िया ने बालगृह पहुंचकर भी बच्चों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

श्रीमती भेंड़िया राजधानी के लाभाण्डी में जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए कोरोना राहत-आश्रय स्थल भी पहुंची और लॉकडाउन में फंसे जरूरतमंद और बेसहारा लोगों के लिए किये जा रहे प्रबंध की जानकारी ली।

राज्यपाल ने नहीं मनाया जन्मदिन

राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने शुक्रवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर दुर्ग जिले के भिलाई पावर हाउस स्थित राजराजेश्वरी मंदिर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेश को कोरोना महामारी से मुक्त रखने की कामना से अभिषेक किया।

■ **पीएम और सीएम ने दी सुश्री अनुसूईया को शुभकामनाएं**

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। सूबे के राज्यपाल अनुसुईया उइके का आज जन्मदिन हैं लेकिन पूरे देश में फैले कोरोना संक्रमण के चलते वे नहीं मना रही हैं और लोगों से इस बात का अनुरोध किया है कि सभी लोग स्वस्थ व कुशल अपने घरो पर ही रहें और नियमों का पालन करें तो यही उनके लिए सबसे बड़ी शुभकामना होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हे जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यपाल को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा है कि सार्वजनिक जीवन में आपका लंबा अनुभव राज्य के लिए एक खजाने की तरह है। मेरी कामना है कि सदैव जनकल्याण और राष्ट्रसेवा में समर्पित रहकर आपने जिन मानदंडों को स्थापित किया है। उनसे प्रदेशवासी अधिक से अधिक लाभान्वित हों और आपके मार्गदर्शन में राज्य विकास की नित नई ऊंचाईयों को छूता रहे। ईश्वर से प्रार्थना है कि आप दीर्घायु हों और सदा स्वस्थ रहते हुए इसी प्रकार जनसेवा के कार्य में जुटे रहें।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आपके प्रतिपालकत्व में प्रदेश तरक्की के पथ पर आगे बढ़े, आपके संरक्षण में लोकतांत्रिक मूल्यों की गरिमा और अधिक बढ़े। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 की वैश्विक आपदा के बीच राज्यपाल ने इस बार अपना जन्नदिन नहीं मनाने की घोषणा पहले ही कर दी थी।

संपादकीय

हरियाणा का अनुकरणीय निर्णय

भारत में कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग का अमला जिस जी आन से जुटा हुआ है उसकी जितनी तारिफ की जाए कम है। सफाई कर्मचारी भी अपनी जान हथेली पर रखकर अपना कर्तव्य निभा रहे है। इसी तरह पुलिस कर्मचारी भी विपरीत परिस्थितियों में लगातार ड्यिूटी कर रहे इन सभी कोरोना योद्धाओं का देश आजीवन कर्जदार रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन कोरोना योद्धाओं का सम्मान करने की अपील की थी जिसका पुरे देश ने पालन किया और एक दिन ताली, थाली, घंटी और शंक आदि बजाकर कोरोना योद्धाओं के प्रति आभार जताया। अभी भी देश में अनेक स्थानों पर लोग चिकित्सा कर्मियों और पुलिस कर्मचारियों के उपर पुष्प वर्षा करके उनका सम्मान कर रहे हैं। कुछ सिरफिर इसके अपवाद है जो इन कोरोना योद्धाओं का न सिर्फ अपमान कर रहे है बल्कि उन पर पत्थर भी बरसा रहे हैं। मेडिकल स्टाफ पर थूक रहे हैं। ऐसी स्थिति में डॉक्टरों और नर्सो सहित अन्य चिकित्सा कर्मियों का काम करना दुषवार होता जा रहा है। कोरोना सक्रंमित मरीजों की सेवा करने के दौरान 50 से अधिक डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी खुद कोरोना से ग्रसित हो चुके है। दो डाक्टरों की मौत भी हो गई है। इसी तरह सौ से अधिक पुलिस कर्मचारी भी कोरोना वायरस के संक्रमण का शिकार हो चुके है। आज स्थिति यह है कि स्वास्थ्य कर्म और पुलिस कर्मचारी अपने घर नहीं जा पा रहे है अस्पताल और थानों में ही भोजन ग्रहण कर रहे है और लगातार अपने कर्त्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं। इन कोरोना योद्धओं का सिर्फ सम्मान ही काफी नही है। बल्कि उन्हें इस संकट की घड़ी में देश की अमुल्य सेवा करने के लिए पुरस्कृत भी किया जाना चाहिए। इस दिशा में हरियाणा सरकार ने अनुकरणीय निर्णय लिया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मरियों के साथ ही सभी सफाई कर्मचारियों का वेतन दोगुणा किया जाएगा। निश्चित रूप से हरियाणा सरकार ने अनुकरणीय कदम उठाया है अन्य राज्य सरकारों को भी इस पर अमल करना चाहिए। प्रधानमंत्री राहत कोष और मुख्यमंत्रियों के राहत कोष में जो विपुल धन राशि जमा हो रही है। उसका एक हिस्सा इन कोरोना योद्धओं को पुरस्कृत करने में खर्च किया जाना चाहिए। ताकि ये और उत्साह से अपने काम को अंजाम दे सके। इसके साथ ही इन कोरोना योद्धाओं से अभद्र व्यवहार करने वाले और इन पर हमला करने वाले लोगों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाना चाहिए ताकि वे निर्भिक होकर अपने दायित्व को निभा सके और कोरोना संक्रमित मरिजों को मौत के मुंह से बाहर ला सके। राजस्थान के भीलवाड़ा में 25 लोग कोरोना संक्रमित हुए थे और वहां के चिकित्सकों ने सभी 25 लोगों को स्वस्थ्य कर दिया। इसी तरह छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित आर्युविज्ञान संस्थान के चिकित्साकों ने भी वहां भर्ती कोरोना संक्रमित दस मरिजों में से नौ लोगों को स्वस्थ्य कर दिया एक मरिज का उपचार जारी है और उसके भी शिघ्र स्वस्थ्य होने की संभावना है। सरकार को चाहिए कि ऐसे चिकिस्ता संस्थानों में अपने जान हथेली पर रखकर कोरोना संक्रमितों की सेवा करने वाले चिकिस्कों और पुरे स्टाप को पुरस्कृत करें।

प्रधानमंत्री ने त्रासदी को भी उत्सव बना दिया

वैश्विक संकट की घडी में भी राजनीतिक हित साधने का एक क्षुद्र उपक्रम

अनिल जैन

फूहडता और अश्लीलता का जैसा प्रदर्शन प्रधानमंत्री के समर्थकों की जमात ने किया, वैसी ही निर्लज्जता और अश्लीलता का मुजाहिरा उन तमाम टीवी चैनलों ने भी किया, जो कोरोनो के संकट को भी सांप्रदायिक रंग देने के लिए जमीन आसमान एक किए हुए हैं। जैसे ही रात को घडी ने 9 बजाये, वक्त का पहिया मानो थम गया। कोरोना के डरावने आंकडे टीवी चैनलों के स्क्रीन से गायब हो गए। परपीडा का आनंद देने वाली पाकिस्तान की बदहाली की गाथा का नियमित पाठ भी स्थगित हो गया। भक्तिरस में डूबे तमाम चैनलों के मुग्ध एंकर मुदित भाव से चीख-चीख कर बताने लगे कि देखिए, प्रधानमंत्री के आह्वान पर पूरा देश किस तरह दीपावली मना रहा है।

कोराना संक्रमण से बचाव से उपाय के तौर लॉकडाउन से पहले 22 मार्च को जनता कर्फ्यू के दौरान जब लोग ताली, थाली, शंख, घंटी और ढोलक बजाते हुए सडकों पर निकल आए तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस पर गहरी नाराजगी जताई थी। उनकी नाराजगी स्वाभाविक ही थी, क्योंकि जनता कर्फ्यू का आह्वान करते हुए उन्होंने कोरोना संक्रमण की चेन तोडने के लिए सोशल डिंस्टेसिंग बनाए रखने पर जोर दिया था। उन्होंने घर के देहरी को लक्ष्मण रेखा बताते हुए उसे न लांघने की अपील लोगों से थी।

जाहिर है कि लोगों ने खासकर प्रधानमंत्री के प्रशंसक वर्ग ने इस उनकी इस अपील की धज्जियां उडाई थीं। इसलिए लगा था कि अब आनन-फानन में लागू किए तीन सप्ताह के लॉकडाउन के दौरान प्रधानमंत्री लोगों से ऐसा कुछ भी करने को नहीं कहेंगे जिससे कि 22 मार्च जैसे दृश्य निर्मित हों और लॉकडाउन के मकसद के उलट लोगों को जगह इकट्ठा होने का मौका मिले। लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

कोरोना के खिलाफ शुरू हुई लडाई के दौरान प्रधानमंत्री 3 अप्रैल को एक बार फिर देश से मुखातिब हुए। कोरोना काल के दौरान देश को उनका यह तीसरी संबोधन था। चूंकि लॉकडाउन शुरु हुए को एक सप्ताह से ज्यादा का समय हो गया था, इसलिए आम लोगों और खासकर गरीब तबके के सामने पेश आ रही तमाम तरह की दुश्वारियों और कोरोना से संक्रमित लोगों का इलाज कर रहे तमाम डॉक्टरों के लिए जरूरी मास्क, दस्ताने, एप्रिन, कोरोना जांच किट आदि के अभाव के मद्देनजर लगा कि प्रधानमंत्री कुछ ठोस उपायों की जानकारी लोगों को देंगे। लेकिन प्रधानमंत्री इन मुद्दों पर बात करने के बजाय इस संकट की घडी में लोगों से 5 अप्रैल की रात को 9 बजे नौ मिनट के लिए अपने घरों की लाइटें बंद दीये और मोमबत्ती जलाने का आह्वान किया। इस आह्वान के साथ ही उन्होंने सोशल डिस्टेंसिंग पर जोर देते हुए साफकहा था कि इस दौरान लोग अपने घरों से बाहर निकल कर सडकों पर इकट्ठा नहीं होंगे।

मगर प्रधानमंत्री के इस आह्वान का भी वैसा ही हश्र हुआ जैसा 22 अप्रैल को जनता कर्फ्यू का हुआ था। लोगों ने प्रधानमंत्री की अपील पर अपने घरों की लाइटें बंद कर दीये और मोमबत्ती तो लगाए, लेकिन इस मौके पर देश के कई शहरों में प्रधानमंत्री की पार्टी के उत्साही कार्यकर्ताओं ने काफी देर तक जमकर आतिशबाजी भी की। यही नहीं, कई जगह सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने की प्रधानमंत्री की नसीहत को ठेंगा दिखाते हुए नाचते-कूदते जय श्रीराम, भारत माता की जय, वंदे मातरम, चाइना वायरस गो बैक और मोदी-मोदी के नारों के साथ मोमबत्ती और मशाल जुलूस भी निकाले गए।

चैतरफा अवसाद और उदासी के माहौल में अपने घरों में दीये और मोमबत्तियां जलाकर संकट की घडी में एकजुटता का प्रदर्शन और समाज में सकारात्मकता का प्रसार करने का प्रधानमंत्री के आह्वान में मौलिकता न होते हुए भी कोई बुराई नहीं थी। यूरोप के कुछ देशों ने भी इस दौर में अपने यहां ताली-थाली बजाने और दीये-मोमबत्ती जलाने जैसे कार्यक्रम किए हैं। लेकिन हमारे यहां तो 5 अप्रैल को रात के नौ बजते ही पूरे देश में दिवाली जैसा माहौल बन गया।

मानवीय संवेदना और एकजुटता प्रदर्शित करने के आयोजन को चारों दिशाओं से आ रहे आतिशबाजी के शोर ने बेहद अमानवीय और घृणास्पद बना दिया। इससे पहले 22 मार्च को जनता कर्फ्यू के दौरान कोरोना योद्धाओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रदर्शन के लिए ताली और थाली बजाने के प्रधानमंत्री के आह्वान का भी ऐसा ही अश्लील हश्र हुआ था। उस आयोजन से भी यही जाहिर हुआ था कि प्रधानमंत्री की मंशा चाहे जितनी सात्विक रही हो, उसका पालन करने वाली उनके समर्थकों की जमात जाहिलों और अमानुषों से भरी हुई है, जो बडे से बडे शोक के मौके पर भी जश्न मनाने में किसी तरह का संकोच नहीं करती है।

फूहडता और अश्लीलता का जैसा प्रदर्शन प्रधानमंत्री के समर्थकों की जमात ने किया, वैसी ही निर्लज्जता और अश्लीलता का मुजाहिरा उन तमाम टीवी चैनलों ने भी किया, जो कोरोनो के संकट को भी सांप्रदायिक रंग देने के लिए जमीन आसमान एक किए हुए हैं। जैसे ही रात को घडी ने 9 बजाये, वक्त का पहिया मानो थम गया। कोरोना के डरावने आंकडे टीवी चैनलों के स्क्रीन से गायब हो गए। परपीडा का आनंद देने वाली पाकिस्तान की बदहाली की गाथा का नियमित पाठ भी स्थगित हो गया। भक्तिरस में डूबे तमाम चैनलों के मुग्ध एंकर मुदित भाव से चीख-चीख कर बताने लगे कि देखिए, प्रधानमंत्री के आह्वान पर पूरा देश किस तरह दीपावली मना रहा है।

यहां एक सवाल यह भी उठता है कि जब पूरे देश में लॉकडाउन के चलते सिर्फ अनाज, सब्जी, फल और दवाई की दुकानें खुली हैं तो फिर आतिशबाजी के लिए पटाखों का जखीरा देश के हर गांव और शहर में कैसे पहुंच गया? दीपावली को बीते करीब छह महीने हो चुके हैं, लिहाजा यह भी नहीं माना जा सकता कि लोगों के घरों में बचे हुए पटाखे रखे होंगे। जाहिर है कि दीपावली का यह जश्न सत्ता और संगठन की सुविचारित योजना के तहत मना है। भाजपा समर्थकों द्वारा दीये जलाने के इस आयोजन को भाजपा के 40वें स्थापना दिवस से जोडते हुए सोशल मीडिया पर जारी किए गए पोस्टरों से भी इस बात की तसदीक होती है। 22 अप्रैल को जब लोग जनता कर्फ्यू तोडकर सडकों पर निकल आए तो प्रधानमंत्री ने नाराजगी जताई थी लेकिन इस बार वे पूरी तरह खामोश रहे। इससे जाहिर होता है कि 22 मार्च की उनकी नाराजगी भी महज दिखावटी थी। कहने की जरूरत नहीं कि मानवता पर आए इतने बडे वैश्विक संकट की घडी में भी क्षुद्र राजनीतिक हित साधने के ऐसे उपक्रम की मिसाल दुनिया में और कहीं नहीं मिल सकती। **(संवाद)**

विचार

तालाबंदी कितनी हटे?

सभी लोग यह सोच रहे हैं कि 15 अप्रैल से तालाबंदी उठेगी या नहीं ? इस सवाल का जवाब हां या ना में, दोनों ही ठीक नहीं होगा। क्योंकि यह जारी रहती है तो देश के 60-70 करोड़ लोग बेरोजगार हो जाएंगे। वे अपनी रोजी-रोटी को तरस जाएंगे। सरकारें और समाजसेवी संस्थाएं उन्हें घर बैठे-बैठे कब तक खिला सकती हैं ? अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं का कहना है कि भारत की सकल विकास दर 5 प्रतिशत से गिरकर 2 प्रतिशत तक हो सकती है। खेती, कल-कारखानों और व्यापार को जो नुकसान होगा, उसकी भरपाई में बरसों बीत जाएंगे। निराशा, उदासीनता और अंधकारमय भविष्य के डर से नागरिकों में जो मानसिक बीमारियां फैलेंगी, उनके कारण अपराधों में अपूर्व वृद्धि हो सकती है। तो क्या करें ? क्या तालाबंदी एकदम उठा ली जाए ? यह अब तक शायद उठा ली जाती लेकिन जमाते-तबलीगी की मेहरबानी से कोरोना अब गांव-गांव तक फैल गया है। जिस बीमारी ने शुरु में सिर्फ विदेश-यात्रियों और उनके निकट लोगों को छुआ था, वह अब रिक्शावालों, रेहड़ीवालों और झोपड़पट्टीवालों तक फैल गई है। कुछ अकड़ और कुछ गलतफहमी के शिकार जमाती अब भी अपनी हरकतों से बाज़ नहीं आ रहे हैं। डर यही है कि यदि सरकारें तालाबंदी एकदम हटा लें तो कहीं भारत में भी इटली और अमेरिका-जैसा विस्फोट न हो जाए लेकिन सरकारों को यह भी देखना होगा कि यह तालाबंदी कहीं कोरोना से भी ज्यादा जानलेवा सिद्ध न हो जाए। इसीलिए बेहतर होगा कि सरकारें और आम जनता अतिवाद से बचे। मध्यम मार्ग अपनाए। अभी मुश्किल से दो दर्जन जिले सारे देश में ऐसे कोरोनाग्रस्त है, जिनमें पूर्ण कर्फ्यू लगाया जा सकता है। उनमें आना-जाना बिल्कुल बंद हो। लगभग 200 जिलों को आंशिक रुप से खोला जा सकता है और 400 जिले ऐसे हैं, जिनमें नागरिक सारी सावधानियां बरतते हुए अत्यंत अनिवार्य और अपरिहार्य काम करें। कोरोना की जांच राजस्थान के भीलवाड़ा-जैसी हो और सरकारी सख्ती दिल्ली-जैसी हो।

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

अखबारों पत्रिकाओं से नहीं फैलता कोरोना

अखबारों से कोरोना संक्रमण की आशंका कोरी अफवाह

योगेश कुमार गोयल

दुनियाभर के तमाम वायरोलॉजिस्ट का कहना है कि जब आप अखबार को छूते हैं तो संक्रमण फैलने की आशंका लगभग ना के बराबर होती है। नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के निदेशक सुजीत सिंह के मुताबिक शोध करने वाले वायरलॉजिस्टों को ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिला है कि कोरोना वायरस कागज पर सक्रिय या जीवित रह सकता है। विश्वभर में संक्रमण रोगों के विशेषज्ञों का साफतौर पर कहना है कि इस बात के अभी तक कोई प्रमाण नहीं हैं कि अखबार और पैकेज संक्रमण फैला सकते हैं। यूएस सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के मुताबिक जीवित कोशिकाओं के बाहर अधिकांश सतहों पर कोरोना वायरस ज्यादा समय तक जिंदा नहीं रहता है।

पूरी दुनिया पर इस समय कोरोना नामक महामारी कहर बनकर टूट रही है। इससे अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ा है और उद्योग क्षेत्र भी बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। खासतौर पर पहले से ही इलैक्ट्रॉनिक तथा डिजिटल मीडिया की चुनौतियों से जूझ रहे प्रिंट मीडिया की तो कोरोना ने कमर ही तोड़ दी है। स्थिति यह हो गई है कि देश के कई शहरों में अखबारों का वितरण बंद हो गया है और इसी कारण कई अखबारों को अपना प्रकाशन बंद करना पड़ा है या कुछ संस्करण बंद कर दिए गए हैं अथवा मजबूरन पृष्ठों की संख्या कम करनी पड़ी है। कई अखबारों और पत्रिकाओं को अपने प्रिंट संस्करण बंद करते हुए केवल डिजिटल संस्करणों का सहारा लेना पड़ रहा है। दरअसल बहुत सारे आवासीय परिसरों में लोगों ने हॉकरों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी है और बहुत सारे स्थानों पर हॉकरों ने स्वयं भी अखबार बांटना बंद कर दिया है। इसका एक बड़ा कारण अखबारों से कोरोना फैलने को लेकर सोशल मीडिया पर व्यापक स्तर पर उड़ी अफवाहें रही हैं, जिनमें कहा जाता रहा कि अखबारों तथा पत्रिकाओं के जरिये भी कोरोना फैल सकता है। यही वजह रही कि लोगों ने अपने हॉकरों से अखबार लेने से इन्कार कर दिया और भारत में अखबारों की बिक्री में 60 से 80 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई है। सोशल मीडिया पर तेजी से फैलती फर्जी खबरें और जानकारियां समाज के ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने का कार्य करती हैं। ऐसे में अखबार और पत्रिकाएं समाज में फैलने वाली ऐसी अफवाहों के खिलाफ एक मजबूत हथियार की भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन भारत में फर्जी खबरें फैला-फैलाकर ऐसा माहौल बना दिया गया है कि लोगों ने इनके झांसे में आकर पत्र-पत्रिकाओं से दूरी बना ली है। मेदांता अस्पताल के चेयरमैन तथा भारत के प्रमुख हृदय शल्य चिकित्सक डा. नरेश त्रेहन ने स्पष्ट किया है कि अखबार से कोरोना संक्रमण के प्रसार की आशंका केवल अफवाह मात्र ही है। अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन का भी दावा है कि अखबार की डिलीवरी से कोरोना वायरस के संक्रमण फैलने की संभावना न के बराबर है। प्रधानमंत्री सहित दुनियाभर के तमाम स्वास्थ्य विशेषज्ञ बार-बार स्पष्ट कर चुके हैं कि कोरोना संक्रमण अखबारों और पत्रिकाओं के जरिये नहीं फैलता। केन्द्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने भी कहा है कि अखबार पढ़ने से कोरोना नहीं फैलता, इसे पढ़ने के बाद हाथ धोना ही काफी है लेकिन सोशल मीडिया पर अखबारों से कोरोना फैलने को लेकर अफवाहों का बाजार इस कदर गर्म कर दिया है कि कोरोना के भय से बहुत सारे लोगों ने अखबार और पत्रिकाएं पढ़ना ही छोड़ दिया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा पिछले दिनों सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को भेजे गए पत्र में कहा गया था कि लोगों में जागरूकता पैदा करने और उन तक सही सूचनाएं पहुंचाने के लिए अखबारों की छपाई और उनका वितरण बेहद जरूरी है। इसी से फर्जी खबरों और अफवाहों पर अंकुश लगाया जा सकेगा। राज्य सरकारों से इसमें सहायता की अपील भी की गई थी लेकिन उसके बावजूद इस समय प्रिंट मीडिया के समक्ष बहुत बड़ा संकट मौजूद है।

> विश्व स्वास्थ्य संगठन कह चुका है कि कोविड-19 को रोकने की लड़ाई में अखबार लेना और पढ़ना पूरी तरह सुरक्षित है। संगठन के मुताबिक अखबार का बंडल, जो लगातार सफर करता है, एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाता है, अलग-अलग परिस्थितियों व तापमान से गुजरता है, उसमें कोरोना वायरस होने की संभावना न्यूनतम हो जाती है। डब्ल्यूएचओ ने तो यहां तक कहा है कि इस बात की संभावना बहुत कम है कि कोई संक्रमित व्यक्ति किसी वस्तु को संक्रमित कर सकता है।

एक ओर जहां प्रधानमंत्री ने पिछले दिनों अखबारों की सराहना करते हुए कहा था कि महामारी के समय में अखबार जनता और प्रशासन के बीच पुल का काम करते हैं, वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित दुनियाभर के तमाम वैज्ञानिकों और चिकित्सकों ने कहा है कि अभी तक दुनिया में कहीं भी ऐसी कोई घटना सामने नहीं आई है, जिसमें अखबार से कोरोना वायरस का प्रसार देखा गया हो। इंडियन काउंसिल ऑफमेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) में महामारी विज्ञान की प्रमुख निवेदिता गुप्ता के मुताबिक कोरोना श्वसन तंत्र का संक्रमण है और अखबार छूने से इसके फैलने का कोई खतरा नहीं है। अधिकांश चिकित्सकों का एक स्वर में यही कहना है कि अखबारों या पत्रिकाओं को असुरक्षित कहने का कोई तर्क नहीं है। हां, यदि आप भीड़-भाड़ वाली जगहों पर अखबार पढ़ रहे हैं तो संक्रमण फैलने का खतरा ज्यादा है लेकिन इसका कारण अखबार नहीं बल्कि सामाजिक दूरी नहीं बनाए रखना ही है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

देश प्रधान देश हित सोचत बारम्बार सभी

देश प्रधान देश हित सोचत बारम्बार सभी जमाती साथ मिल करते आनाचार। थूकत आज जुबान जो उनको पट्टी बाँध औषधि ना इनको मिले चार लदे ये काँध। कहत अजय सुन ध्यान से लातन की ये जात लातन के भूतन सदा कैसे समझे बात। **कवि अजय मिश्रा**

खास पाती | चमन भी बेपरवाह था गुलों की महक

चमन भी बेपरवाह था गुलों की महक में, जाने कौन घड़ी लगी नज़र उस चहक में। तुम बुलबुल से पूछते रहे हाल चमन का, पता न था उसे आज ज़माने के चलन का। वो चमन यहां रहती थी चहल - पहल हरदम, वीरानों में गिनते हैं आज उसे वो बेरहम। कभी आंसू कभी उदास सी है चमन की सूरत, करके बर्बाद हुई जाने किसकी पूरी हसरत। पर बीता पतझड़ बहार आने को लगे आतुर, चमन के हौंसले भी आज दिखे कैसे बेहतर। चमन में बहारें अब सदा ही रहेंगी मेहरबां, ये चमन न दोहराएगा कभी बीती दास्तां। आज शौर है चमन में चारों और पंछियों का, चमन का दिल बाग - बाग हो उठा शुक्रिया सभी का। **कामनी गुप्ता, जम्मू**

कोरोना को तो हम धूल चटा देते

कोरोना को तो हम धूल चटा देते पर यहाँ भारतीयता कम और मजहबी सोच ज्यादा है। जमातियों की क्या औकात थी कि वर्दी पर थूक जाते, अगर उन के सर पर काफिरों का हाथ नही होता। मरना है तो देश के लिए मरो, ये बीमारी फैला कर कौन सी हूरो को न्यौता भेज रहे। शर्मिंदा है देश। **संध्या चतुर्वेदी**

शैक्षणिक संस्थानों से मिले संस्कार भी

शैक्षणिक संस्थानों से मिले संस्कार भी बहुत ही महत्वपूर्ण हैं, आई आई टी रूड़की के छात्रों ने इस आपदा की घड़ी में देश को मज़बूती देने के लिए 'क्लोज़्ड लूप वेंटीलेटर' बनाया और छुह ने जमातियों के समर्थन में पोस्टर लगाए। फिर आप पूछते हो हम इन्हें सवालों के घेरे में क्यूँ रखते हैं। **सचिन चौधरी**

व्यर्थ बोलने की अपेक्षा मौन

व्यर्थ बोलने की अपेक्षा मौन रहना अच्छा है, यह वाणी की प्रथम विशेषता है। सच बोलना वाणी की दूसरी विशेषता है। प्रिय बोलना वाणी की तीसरी विशेषता है और धर्मसम्मत बोलना वाणी की चौथी विशेषता है।

प्रेरणा त्यागी

जीवीका या जीवन !!एक के बिना

जीवीका या जीवन !!एक के बिना, दुसरा अक्षम..।। लेकिन,आज कोरोना महामारी से जीवन को बचाना हैं..। हम सबको अपने अपने घरों में ही रहना हैं।। सरकारें करेंगे मदद गरीबों व छोटे व्यवसायी का..। सुप्रीम कोर्ट ने भी भरोसा दिया.. स्वास्थ-केंद्र में मुफ्त होगा कोरोना परीक्षा। आओ हम सब, ईश्वर से प्रार्थना करें कोरोना को दुनिया से दूर करें । जीवन को स्वस्थ व सलामत रखें । **मितु घोष**

तोडा था जैसे कभी,रावण का अभिमान

तोडा था जैसे कभी,रावण का अभिमान! कोरोना के दंभ को, तोड़े प्रभु हनुमान! लगता भारी काम भी, .वहाँ हमे आसान! बस जाते दिल मे जहाँ,एक बार हनुमान! भक्तों से जिनके रहें,राजी शनि भगवान! भक्ति शक्ति के देवता, रामदूत हनुमान! प्राणों मे माँ जानकी, मन में प्रभु श्री राम! कंठ बसे हनुमान जी,यह तन प्रभु का धाम !! **रमेश शर्मा**

बैठ के घर में होगये बोर पसरा

बैठ के घर में होगये बोर पसरा सन्नाटा चहुँ ओर आसमान सच में नीला है पता चला होते ही भोर रंग-बिरंगी चिड़ियाँ चहके कोयल की सुनती अब कूक नहीं फैलती ये महामारी जो ना होती किसी से चूक पहिया तो चलता ही अच्छा रुक जाए तो लागे जंग लेकिन अब तो उड़े हुए हैं। सबके चेहरों के ही रंग कुदरत का अपना अनुशासन किसी और का चले ना शासन सीख सबों को लेनी होगी दें सहयोग तो चले प्रशासन। **जे डी कुदाल**

किसी ने बिल्कुल सही कहा है

किसी ने बिल्कुल सही कहा है समय और हालात कभी भी, कहीं भी बदल सकते है. अब देखिये कल तक निकटता प्रेम का प्रतीक थी..और आज दूरियाँ प्यार और परवाह की परिचायक है..।**अरूणा राव**

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) संसार की सबसे बड़ी कंक्रीट संरचना माना जाने वाला 'थ्री गॉजिज डैम' निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है?

(क) चीन (ख) ताईवान

(ग) मलेशिया (घ) थाईलैंड

2) समुद्री जल, स्वच्छ वायु आदि को अर्थशास्त्र में माना जाता है? (गिफन वस्तुएं / नैसर्गिक वस्तुएं)

3) अमेरिकी संघ का पचासवाँ राज्य बनाने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका ने अलास्का किस देश से खरीदा था?

4) मौसम विज्ञान संबंधी प्रेक्षण के लिए किस गैस को गुब्बारों में भरने में उपयोग किया जाता है?

5) व्यक्ति का नाम बताए जो दूसरे कार्यकाल के लिए किस राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली?

उत्तरमाला-(1) चीन (2) नैसर्गिक वस्तुएं (3) रूस (4) हीलियम (5) पेमा खाण्डू और अरुणाचल प्रदेश

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 11 अप्रैल की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैंः- 1713 - ब्रिटेन और फ्रांस के बीच यूट्रेक्ट की दूसरी संधि ने स्पेनिश उत्तराधिकार का युद्ध समाप्त कर दिया। 1827 - भारत के महान विचारक, समाज सेवी तथा क्रान्तिकारी ज्योतिबा फुले का जन्म। 1869 - महात्मा गांधी की पत्नी कस्तूरबा गांधी का जन्म। 1881 - अमेरिका के अटलांटा में स्पेलमान कॉलेज की स्थापना की गयी। 1887 - प्रसिद्ध चित्रकार जैमिनी रॉय का जन्म। 1904 - प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता एवं गायक कुन्दन लाल सहगल का जन्म। 1914 - एक पेशेवर आर्किटेक्चर बंधुओं अल्फा रो ची ने शिकागो में होटल शेरमेन की स्थापना की। 1915 - चार्ली चैपलिन की फिल्म द ट्रम्प को जारी किया गया।

पीएम मोदी ने नेपाल, जापान के प्रधानमंत्रियों से की बात

नई दिल्ली, (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया भर में फैली कोरोना महामारी की चुनौती से उत्पन्न स्थिति पर शुक्रवार को नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली और जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे के साथ चर्चा की।

कोरोना वायरस 'कोविड-19' की चुनौती से निपटने के उपायों के बारे में दुनिया के प्रमुख देशों के शीर्ष नेताओं के साथ चर्चा कर चुके श्री मोदी ने आज श्री ओली से टेलीफोन पर बात की। दोनों नेताओं ने कोरोना महामारी के कारण उत्पन्न संकट और दोनों देशों के लोगों तथा क्षेत्र के सामने खड़ी चुनौती के बारे में अपने विचार साझा किये। उन्होंने इससे निपटने के लिए अपने अपने देश में किये गये उपायों पर भी बात की।

श्री मोदी ने इस संकट से निपटने के लिए प्रधानमंत्री ओली द्वारा नेपाल में उठाये गये कदमों और महामारी से लड़ने के नेपाल के लोगों के संकल्प की सराहना की। श्री ओली ने इस संकट के मुकाबले के लिए दक्षेस देशों के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल और नेपाल को दिये गये समर्थन के लिए भारत का धन्यवाद किया। प्रधानमंत्री ने महामारी से लड़ने के लिए नेपाल के प्रयासों में सहयोग तथा हर संभव मदद की भारत की वचनबद्धता को दोहराया। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के विशेषज्ञों और अधिकारियों के सभी तरह की स्थिति में संपर्क और तालमेल बनाये रखने पर सहमति प्रकट की। इसमें सीमा पार आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बनाये रखना भी शामिल है। श्री मोदी ने प्रधानमंत्री ओली और नेपाल के लोगों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए शुभकामनाएं दी। जापानी प्रधानमंत्री के साथ बातचीत में भी श्री मोदी ने इस महामारी के कारण उत्पन्न वैश्विक स्वास्थ्य और आर्थिक चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने इस संकट से निपटने के लिए अपने-अपने देश में उठाए गए कदमों के बारे में भी बात की। दोनों नेताओं ने संकट की इस घड़ी में अपने अपने देशों में एक-दूसरे के नागरिकों को दी गई सहायता और सुविधा की सराहना की और इस तरह के समन्वय को जारी रखने पर सहमति प्रकट की।

निर्यातकों के लिए राहत पैकेज की मांग

__नई दिल्ली, (वार्ता)।__ आयात-निर्यात कारोबारियों के संगठन भारतीय निर्यातक महासंघ (फियो) ने कोरोना महामारी के मद्देनजर राहत पैकेज की मांग करते हुए शक्रवार को कहा कि क्षेत्र में डेढ़ करोड़ लोगों को रोजगार का संकट पैदा हो गया है। फियो के अध्यक्ष शरद कुमार सराफ ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि विश्व व्यापार संगठन ने वैश्विक व्यापार के सबसे निचले पायदान पर जाने की आशंका व्यक्त की है और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन ने गरीबी बढ़ने के आसार जतायें हैं। इसको देखते हुए आजीविका और जीवन के बीच संतुलन बनायें रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वैश्विक हालात के कारण भारतीय निर्यातकों को बहुत कम आर्डर मिल रहे हैं और अगर कारखानों को उन्हें पूरा करने की अनुमति नहीं दी गयी तो भारी संकट का सामना करना पड़ेगा। लॉकडाउन के कारण निर्यातकों को 50 प्रतिशत आर्डर रद्द करने पड़े हैं। इसके कारण करीब डेढ़ करोड़ कामगारों को अपनी आजीविका से हाथ धोना पड़ सकता है और उद्योग ऋण चुकाने में विफल हो सकते हैं।

श्री सराफ ने कहा कि सरकार को निर्यात के लिए तुरंत राहत पैकेज की घोषणा करनी चाहिए जिससे इस महासंकट का सामना किया जा सके। सरकार को निर्यातोन्मुख कारखानों को तुरंत संचालित करने की अनुमति देनी चाहिए। कारोबारियों को ब्याज मुक्त पूंजी उपलब्ध करानी चाहिए जिससे मजदूरी, किराया तथा अन्य खर्चों का भुगतान किया जा सके।

वर्तमान हालात में लॉकडाउन जारी रखने की जरूरत : अमरेंदर

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने लॉकडाउन की अवधि बढ़ाने की वकालत करते हुए कहा है कि इसे अनिश्चितकाल तक तो जारी नहीं रखा जा सकता लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए इसे फिलहाल बढ़ाया जाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 दिन का लॉक डाउन समाप्त होने के बाद की स्थिति पर मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बैठक करेंगे जिसमें वह सांसद निधि को स्थगित करने तथा कोरोना वायरस 'कोविड-19' से लड़ने के लिए राज्यों को आर्थिक सहायता देने का मुद्दा भी उठाएंगे।

कैप्टन सिंह ने शुक्रवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में विशेष संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कोरोना के मामले निरन्तर बढ़ रहे हैं और पूरे देश के हालत अच्छे नहीं हैं, इसलिए इसका फैलाव रोकने के लिए लॉक डाउन को बढ़ना जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा संकट कोरोना वायरस जांच का है और टेस्टिंग से ही इसको नियंत्रित किया जा सकता इसलिए हालात को देखते हुए टेस्टिंग की सुविधा को बढ़ाने के आवश्यक उपाय करने जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ शनिवार को वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से होने वाली बैठक में वह सांसद निधि दो साल तक खत्म करने के मुद्दे को उठाएंगे और केंद्र सरकार से यह निर्णय वापस लेने का अनुरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि यह सांसद के निर्वाचन क्षेत्र की जनता के हितों से जुड़ा मुद्दा है और इसको रोका नहीं जाना चाहिए । उन्होंने कहा कि राज्य सरकारों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है और उनके पास कोरोना से लड़ने के पूरे संसाधन नहीं है इसलिए केंद्र उन्हें पर्याप्त आर्थिक शत दे इस मुद्दे को भी वह इस बैठक में उठाएंगे।

भारत-यूएस की दोस्ती हुई और मजबूत

मोदी इकलौते गैर अमेरिकी नेता जिन्हें व्हाइट हाउस ने ट्विटर पर किया फॉलो

नई दिल्ली। दुनिया इस समय कोरोना वायरस के संक्रमण से परेशान है। अमेरिका में अभी तक 16 हजार से अधिक लोगों की इस महामारी से मौत हो गई है। लाखों लोग कोविड-19 के संक्रमण के चपेट में आ गए हैं। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अनुरोध पर महामारी संकट से जूझ रहे अमेरिका को भारत ने कोरोना के इलाज में कारगर माने जा रहे मेलेरिया की दवाई हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन के निर्यात को मंजूरी दी थी। इसके बाद प्रेसिडेंट ने ट्वीट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए उनका धन्यवाद किया। व्हाइट हाउस ने अपने ट्विटर हैंडल से भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रधानमंत्री कार्यालय को फॉलो करना शुरू कर दिया है। यह अपने आप में खास इसलिए है, क्योंकि पीएम मोदी दुनिया के इकलौते गैर अमेरिकी नेता हैं, जिन्हें व्हाइट हाउस फॉलो कर रहा है।

कोरोना के खिलाफ भारत मानवता के संग, साथ जीतेंगे जंग: पीएम मोदी

हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन दवा की आपूर्ति को लेकर अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत को दिए गए धन्यवाद और तारीफ पर पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति के इस बात से सहमति जताई कि संकट के समय दोस्त नजदीक आ जाते हैं। साथ ही यह भी कहा कि कोविड-19 के खिलाफ जंग में भारत मानवता की सहायता के लिए हर संभव सहयोग करेगा।

नरेन्द्र मोदी ने मानवता की मदद की: ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत की तरफ से कोरोना के इलाज में कारगर माने जा रहे मेलेरिया की दवाई हाइड्रो क्सीक्लोरोक्वीन दिए जाने के बाद कहा कि वह इसे कभी नहीं भुला पाएंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन पर फैसले के लिए भारत और भारत के लोगों का धन्यवाद करते हैं। उन्होंने कहा कि चुनौतीपूर्ण समय में दोस्तों के बीच करीबी सहयोग की जरूरत होती है।

कोरोना वायरसः चीन से जानवरों के बाजार को बंद करने की मांग

वुहान के सीफूड मार्केट से फैला था कोविड-19

वॉशिंगटन (ए.)। अमेरिकी सांसदों के एक सर्वदलीय समूह ने चीन से कहा है कि वह अपने सभी पशु बाजार (वेट मार्केट) तत्काल बंद कर दें क्योंकि यहां से जानवरों से बीमारी इंसानों तक पहुंचने का बहुत बड़ा जोखिम है। वेट मार्केट कहे जाने वाले बाजारों में विभिन्न प्रकार के ताजा गोश्त के

साथ स्तनपायी, सृप, मछलियां इत्यादि जिंदा बेची जाती हैं। अमेरिका में चीन के राजदूत क्युई तिनाकाई को लिखे पत्र में सीनेटरों ने कहा, ''हम पत्र में चीन से यह आवश्यक अनुरोध करते हैं कि वेट बाजारों को तत्काल बंद करे क्योंकि इनसे पशुओं की बीमारियां (जूनोटिक डिसीज) इंसानी आबादी तक पहुंचने का जोखिम है। उन्होंने कहा कि चीन के सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के निदेशक गाओ फूने माना है कि नए कोरोना वायरस का स्रोत चीन के वुहान में सीफूड बाजार में अवैध तरीके से बेचे जा रहे जीव हैं।

निशंक ने की 'भारत पढ़े ऑनलाइन' अभियान की शुरुआत

नई दिल्ली, (वार्ता)। केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक ने देश में कोरोना वायरस 'कोविड-19' के प्रकोप से उपजे संकट को देखते हुए ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 'भारत पढ़े ऑनलाइन' कार्यक्रम को शुरू किया है। डॉ निशंक ने कहा है कि एक सप्ताह तक चलने वाले इस ऑनलाइन शिक्षा कार्यक्रम के बारे में कोई सुझाव 'भारत पढ़े ऑनलाइन हैश टैग' पर पोस्ट कर सकता है। इसके अलावा भारत पढ़े ऑनलाइन एमएचआरडी जीमेल.कॉम पर भेज सकते हैं।

उन्होंने इस अभियान का उद्देश्य भारत में डिजिटल शिक्षा के लिए उपलब्ध प्लेटफार्म को और बढ़ावा देना तथा देशभर के बुद्धिमान लोगों से इसको और उत्कृष्ट बनाने एवं इसमें आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए सुझाव लेना है। सभी सुझाव सीधे-सीधे मानव संसाधन विकास मंत्रालय एवं मानव संसाधन विकास मंत्री के साथ साझा किये जायेंगे। डॉ निशंक ने कहा, इस अभियान के तहत स्कूल में अथवा उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को जोड़ा जायेगा क्योंकि वे ही हैं जो सबसे ज्यादा विभिन्न विषयों को पढ़ाने वाले डिजिटल शिक्षा प्लेटफॉर्मों से लगातार जुड़े रहते हैं, वे ये बात मंत्रालय या मंत्री से सीधे तौर पर बता सकते हैं कि इन प्लेटफॉर्मों में क्या कमी है और इनको कैसे दूर किया जा सकता है।

रिलायंस ने एक दिन में वितरित किए 13 लाख से अधिक फूड पैकेट

नई दिल्ली, (वार्ता)। देश के सबसे धनाड्य व्यक्ति और रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कोरोना वायरस 'कोविड-19' के खिलाफ जंग में अपना खजाना खोल दिया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ग्रुप की सामाजिक सेवा संस्था रिलायंस फाउंडेशन ने स्वयंसेवी संगठनों और समाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर एक ही दिन में देश में 13,81,620 भोजन के पैकेट एवं राशन वितरित किया। फाउंडेशन द्वारा अब तक कुल मिला कर 42 लाख 88 हजार से अधिक फूड पैकेट एवं राशन वितरित किए जा चुका है। देश के 14 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के 41 जिलों में जरूरतमंदों को यह भोजन वितरित किया गया है। पूर्ण बंदी से प्रभावित भारतीयों के लिए रिलायंस ने 50 लाख भोजन वितरित करने का लक्ष्य रखा है। रिलायंस फाउंडेशन की अध्यक्ष नीता अंबानी के स्वयं अपनी निगरानी में इन सभी कामों को अंजाम दे रही हैं। भोजन के अलावा रिलायंस ने अपने पेट्रोल पंपों से आपातकालीन वाहनों को मुफ्त ईंधन देने की घोषणा की थी। घोषणा के अनुरूप रिलायंस के पेट्रोल पंपों से कोरोना वायरस मरीजों को लाने ले जाने वाले आपातकालीन वाहनों को ईंधन दिया जा रहा है। अब तक 1240 वाहनों और एंबुलेंसों में लगभग 46 हजार लीटर ईंधन भरा जा चुका है।

चिकित्सा सामग्रियों के आयात का हब बना दिल्ली हवाई अड्डा

नई दिल्ली(वार्ता)। कोरोना वायरस 'कोविड-19' के मद्देनजर लॉकडाउन के बीच दिल्ली का इंदिरा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा देश के जरूरी चिकित्सा उपकरण तथा अन्य सामग्रियों के आयात का केंद्र बन गया है। लॉकडाउन के दौरान देश में नियमित यात्री विमान सेवा बंद हैं, लेकिन दिल्ली हवाई अड्डे पर रोजना 20-22 मालवाहक विमानों की आवाजाही हो रही है। इसमें कोरोना से लड़ने के लिए विदेशों से जरूरी सामन लेकर आने वाले विमान भी शामिल हैं। लॉकडाउन के दौरान विभिन्न देशों से करीब 19 लाख मास्क, हैंड सेनेटाइजर की दो लाख बोतलें, स्वास्थ्य कर्मियों के लिए निजी बचाव के डेढ़ लाख किट और 50 हजार चिकित्सा उपकरण यहाँ लाये गये हैं। दिल्ली से ये जरूरी सामान 'लाइफलाइन उड़ान' के तहत मुंबई, बेंगलुरु, विजयवाड़ा, कोचीन, हैदराबाद, पर्वतीय तथा पूर्वोत्तर के राज्यों और द्वीपीय इलाकों में पहुँचाये जा रहे हैं।

पिछले साल कम हुई विमान दुर्घटनाएं

मॉन्ट्रियल/नई दिल्ली (वार्ता)। हवाई यात्रा के लिए वर्ष 2019 ज्यादा सुरक्षित रहा और विमान दुर्घटनाओं तथा उनमें मरने वालों की संख्या में कमी देखी गयी। अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात संघ (आयटा) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल कुल 53 विमान दुर्घटनाएं हुईं। इनमें 45 विमान दुर्घटनाओं में किसी की मौत नहीं हुई जबकि अन्य आठ में कुल 240 लोगों की जान चली गयी। औसतन प्रति 10 लाख उड़ानों में 1.13 दुर्घटना का शिकार हुई। आठ घातक विमान दुर्घटनाओं में चार जेट और चार टर्बोप्रॉप इंजन वाले विमान शामिल थे। वर्ष 2018 में प्रति 10 लाख उड़ानों में 1.36 की औसत से 62 विमान दुर्घटनाएं हुई थीं। इनमें 11 हादसों में कुल 523 लोगों की जान गयी थी। वर्ष 2014 से 2018 के दौरान औसतन हर साल 63.2 विमान दुर्घटनाओं में 303.4 लोग मारे गये थे। आयटा के महानिदेशक एलेग्जेंडर डी जुनिएक ने कहा कि वर्ष 2019 की रिपोर्ट से जाहिर है कि विमानन क्षेत्र के लिए गहनतम संकट की स्थिति में भी हम इसे और सुरक्षित बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

पुजारा का ग्लोसेस्टरशायर के साथ अनुबंध कोरोना के कारण टूटा

लंदन (वार्ता)। विश्वभर में फ़ैल चुके खतरनाक कोरोना वायरस कोविड 19 के कारण भारत की टेस्ट टीम में खेलने वाले बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा का काउंटी क्रिकेट क्लब ग्लोसेस्टरशायर के साथ इस वर्ष की शुरुआत में हुआ अनुबंध टूट गया है। ग्लोसेस्टरशायर क्लब ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया है कि पुजारा इस वर्ष क्लब के लिए नहीं खेलेंगे। पुजारा ने काउंटी चैम्पियनशिप सीजन में क्लब के साथ शुरूआती छह मुकाबले खेलने के लिए फरवरी में अनुबंध पर हस्ताक्षर किये थे। जवागल श्रीनाथ के बाद

ग्लोसेस्टरशायर क्लब के लिए खेलने वाले पुजारा पहले भारतीय थे। श्रीनाथ वर्ष 1995 में ग्लोसेस्टरशायर के लिए खेले थे। कोरोना के प्रकोप के कारण इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने 28 मई तक देश में सभी तरह के क्रिकेट खेले जाने पर पाबंदी लगा दी है और इसके अलावा यात्रा संबंधी प्रतिबन्ध के बाद क्लब ने पुष्टि करते हुए कहा कि प्रशंसक पुजारा को खेलते हुए नहीं देख सकेंगे। ग्लोसेस्टरशायर क्लब के अध्यक्ष और मुख्य अधिकारी ने बयान जारी कर कहा, यह काउंटी क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ थी और हमने इसके लिए शीतकालीन सत्र में बहुत मेहनत की थी।

भ्रष्टाचार के आरोप के खिलाफ अपील नहीं करेंगे अकमल

इस्लामाबाद, (वार्ता)। पाकिस्तान के बल्लेबाज उमर अकमल अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोप के खिलाफ अपील नहीं करेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के दौरान स्पॉट फिक्सिंग के मामले को लेकर अकमल पर आरोप लगाए हैं और बोर्ड ने इस मामले को अनुशासन समिति को भेजने का फैसला किया है। 29 वर्षीय अकमल को गत 20 फरवरी को अस्थायी रुप से निलंबित किया गया था। पीसीबी ने कहा कि उसने इस मामले को अनुशासन समिति के पास भेजने का फैसला लिया है जिसकी अध्यक्षता लाहौर उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश फज़ल मिरान चौहान करेंगे। अनुच्छेद 4.8.1 के तहत अनुशासन समिति के चैयरमैन अब उन पर लगे आरोपों को तय करेंगे। पीसीबी ने अकमल के खिलाफ 20 मार्च को भ्रष्टाचार रोधी धाराओं को तोड़ने का आरोप लगाया था। पीसीबी के सुरक्षा अधिकारियों से कहा है कि वह व्यवसाय और सामाजिक कार्यों के कारण कई लोगों से मिलते हैं ।

दर्शकों के बिना आईपीएल खेलने के लिए तैयार : पैट कमिंस

मेलबोर्न, (वार्ता)। कोरोना वायरस के खतरे के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के होने को लेकर चल रहे संशय के बीच ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने कहा है कि वह दर्शकों के बिना इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए तैयार हैं। कोरोना के खतरे को देखते हुए आईपीएल को 15 अप्रैल तक के लिए स्थगित किया गया था। लेकिन देश में कोरोना से उपजे हालात नहीं सुधरने के कारण और लॉकडाउन बढ़ने की आशंका के बीच इसके आयोजन

पर खतरा मंडरा रहा है। कमिंस को विजडन ने वर्ष के पांच क्रिकेटरों में शुमार किया है। 2019 दिसंबर में आईपीएल के लिए हुई नीलामी में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस 15.5 करोड़ रुपये में कोलकाता की टीम में बिके थे जो आईपीएल के इतिहास में किसी विदेशी खिलाड़ी के लिए आज तक की सबसे बड़ी रकम है। भारत सरकार ने कोरोना के कारण विदेशियों के देश में आने पर रोक लगायी हुई है और ऐसे में दूसरे देश के खिलाड़ियों का आईपीएल में खेलना नामुमकिन है। दर्शकों के बिना खेलने पर कमिंस ने कहा, हां, मैं इसके लिए तैयार हूं और हमें ऐसे बड़े टूर्नामेंट को सुरक्षित हालात में कराने पर विचार करना चाहिए।

सोनाली बेन्द्रे ने इम्यूनिटी बढ़ाने के दिये टिप्स

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने इम्यूनिटी बढ़ाने के कुछ टिप्स सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं। कैंसर से जिंदगी की जंग जीतने वाली सोनाली ने ना सिर्फ कैंसर की जंग का सामना किया है, बल्कि पूरी तरह फिट होकर अपने जीवन की गाड़ी को फिर पटरी पर ला खड़ा किया है। सोनाली ने इम्यूनिटी बढ़ाने के टिप्स बताए हैं। वीडियो के साथ उन्होंने लिखा है कि इस कठिन समय में हम सब जानते हैं कि मजबूत इम्यूनिटी के क्या मायने हैं, कैंसर से जूझने के दौरान मैंने इम्यूनिटी सिस्टम को बूस्ट करने के लिए काफी रिसर्च की, फिर मैंने एक उपाय की शुरुआत की जो कि अब आदत बन चुका है। टेस्ट कर चुकी हूं, कीमोथेरेपी के दौरान में इसकी वजह से इंफेक्शन से बची हूं और मुझे लगता है कि यह सीक्रेट फार्मूला उसके लिए कारगर साबित हुआ है। मैं आपसे शेयर कर रही हूं। उम्मीद करती हूं

कि आप सब इसका उपयोग कर इसका फायदा उठा सकते हैं।। सोनाली ने जिन तीन स्टेप पर फोकस किया है उसमें पहला है भाप लेना, दूसरा एक गिलास गर्म पानी और तीसरे स्टेप में सोनाली पालक,अखरोट, आंवला, गाजर, हल्दी, अदरक, बादाम, दालचीनी, मुनक्का से भरी प्लेट दिखाती है और फिर उसे पीसकर उसका शेक बनाती है।

लॉकडाउन में हुई गैस की 3.38 करोड़ सिलिंडर की डिलिवरी

नयी दिल्ली (वार्ता)। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने लॉकडाउन के दौरान पहले 15 दिन में 3.38 करोड़ गैस सिलिंडर की डिलिवरी की है। लॉकडाउन की घोषणा के बाद से ही लोगों जरूरी सामानों का भंडारण शुरू कर दिया है। रसोई गैस सिलिंडरों की बुकिंग में भी भारी इजाफा देखा गया है। इंडियन ऑयल ने बताया कि 25 मार्च से 08 अप्रैल के बीच लॉकडाउन के 15 दिन में

उसने 3.38 करोड़ रिफिल सिलिंडर की डिलीवरी की है। यह औसतन करीब 26 लाख सिलिंडर प्रति दिन है। इंडियन ऑयल ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर ग्राहकों को आश्वस्त किया कि रसोई गैस की कोई कमी नहीं है और वे घबराहट में आकर सिलिंडर बुक न करायें। उसने बताया कि कंपनी ने अप्रैल और मई में 50 फीसदी अतिरिक्त रसोई गैस के आयात के लिए समझौता किया है। साथ ही रसोई गैस की अपनी रिफाइनरियों में उत्पादन बढ़ा दिया है।

अक्षय ने मुंबई पुलिस की तारीफ की

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार ने मुंबई पुलिस की तारीफ की है। कोरोना वायरस कोविड-19 को फैलने से रोकने के लिए पूरे देश में लॉकडाउन है। संकट की इस घड़ी में डॉक्टर और पुलिसकर्मी दिन रात अपनी सेवाएं दे रहें हैं।लॉकडाउन के दौरान अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने के लिए अक्षय कुमार ने मुंबई पुलिस की सराहना की है। अक्षय ने वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें उनकी बात मुंबई पुलिस के एक अफसर से हो रही है। उन्होंने कहा, ÷कमाल की बात है कि आप लोग घर से बाहर निकलने में डर रहे हैं और विडम्बना है कि हम लोग घर में जाने से डर रहे हैं। सड़क पर बाहर रहते हैं। इतने लोगों से मिलते हैं।

अंत्येष्टि के लिए शव का इंतजार कर रहे परिजन, कोरोना टेस्ट की प्रतीक्षा

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी /नगरी। के वार्ड क्रमांक 6 रानी दुर्गावती वार्ड के 82 वर्षीय सुंदर लाल यादव की रायपुर स्थित मेकाहारा अस्पताल में 9 अप्रैल सुबह लगभग 6 से 7 बजे के बीच मौत हो गई थी लेकिन दो दिन बीत जाने पर भी परिजनों को उनका पार्थिव देह नही मिल पाया है,जिससे उनका अंतिम संस्कार नही हो पाया है।परिजनों से संपर्क करने पर मृतक के पौत्र हिमांशु यादव ने बताया कि उनके दादा को लो बीपी,व सीने में दर्द के साथ धड़कन की गति धीमी होने की शिकायत पर नगरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया था,जहाँ पर डॉक्टरों ने धमतरी रिफर कर दिया था।धमतरी में मसीही अस्पताल में दिखाया गया लेकिन वहां से भी रिफर करने पर रायपुर में मेकाहारा अस्पताल में भर्ती किया गया जहाँ पर सांस



लेने में तकलीफ व अन्य कारणों से 9 अप्रैल को सुबह उनकी मौत हो गई।इस दौरान डॉक्टरों ने कोरोना का भी टेस्ट किया था जिसका प्रथम रिपोर्ट निगेटिव आया था किंतु दूसरा रिपोर्ट नही आ पाया था जिसके चलते डॉक्टरों ने शव को मरचुरी में रखवा दिया और एहतियात के तौर पर शव को परिजनों को नही सौपा गया है।

इधर नगर में 82 वर्षीय सुंदर लाल यादव की मौत पर तरह तरह की चर्चा होने लगी,किन्तु परिजनों ने बताया कि वे बुजुर्ग हो गए थे और कुछ दिनों से अस्वस्थ थे।और घर पर ही रह करते थे जिससे किसी भी तरह का संक्रमण का खतरे की संभावना नजर नही आती।फिर भी अस्पताल प्रशासन अपनी ओर से जांच कर पूरी तरह संतुष्ट होना चाहता है ,इस प्रक्रिया में शव परिजनों को नही मिल पाया है जिससे दो दिन से परिजन अंत्येष्टि के लिए बाट जोह रहे है।

लॉकडाउन का उल्लंघन, ट्रक चालक गिरफ्तार

महासमुंद। लॉकडाउन के उल्लंघन पर पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर ट्रक कब्जे में लिया है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार को छत्तीसगढ़-ओड़िशा अंतर्राज्यीय सीमा टेमरी नाका पर चेकिंग के दौरान ट्रक क्र. सीजी 04 एमएस 4977 में 780 पैकेट कनकी चावल पाया। वाहन चालक सुखनंदन यादव पिता लल्लू यादव (32) निवासी खरखोरी थाना सिधी जिला- सिधी म.प्र. को कनकी चावल परिवहन हेतु कोई दस्तावेज या शासकीय आदेश पेश करने हेतु धारा 91 जा. फौ. का नोटिस दिया पर चालक कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। लॉकडाउन के दौरान बिना किसी शासकीय आदेश के परिवहन करते पाये जाने पर ट्रक क्र. सीजी 04 एमएस 4977 को जब्त कर वाहन चालक द्वारा धारा 188 भादवि का अपराध घटित करना पाये जाने पर आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

चार ने मिलकर की मारपीट

महासमुंद। पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम टोंगोपथरा में बुधवार को बैल हांकने को लेकर मारपीट हो गई। प्रार्थी विजेंद्र भोई ने इसकी लिखित शिकायत की है, जानकारी के अनुसार प्रार्थी विजेंद्र घटना दिनांक को बामनमुड़ा खेत की ओर बकरी चरा रहा था, तभी वहां गांव के ही प्रीत लाल साहू और शांति लाल पटेल बैलों को घर की तरफ हांक रहे थे। इसी बात को लेकर प्रार्थी और प्रीत लाल के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते प्रीत लाल ने गांव के ही ब्रिज लाल, दशरथ और भागीरथी को भी बुला लिया। इसके बाद चारों ने मिलकर विजेंद्र के साथ मारपीट की। घटना में विजेंद्र को काफी चोटें आई है।

फांसी लगाकर दी जान

महासमुंद। लभराकला में अधेड़ ने फांसी लगाकर जान दे दी। खल्लारी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह 5 बजे हेमलाल साहू पिता गऊराम (55) ने अपने घर में फांसी लगा ली। जिस पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

बाइक से शराब तस्करी करते युवक पकड़ाया

महासमुंद। सांकरा पुलिस अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री पर लगातार नजर रख रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को पेट्रोलिंग के दौरान थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 06 जी 4963 में सवार व्यक्ति द्वारा तिलंजनपुर की ओर से देवरी होते हुए अवैध रूप से महुआ शराब लेकर जा रहे हैं। सूचना पर स्टाफ के साथ भगतदेवरी के पास घेराबंदी कर मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 06 जी 4963 सवार ग्राम बिटांगीपाली निवासी भोजराम साहू पिता सूरत साहू (32) से एक 10 लीटर वाली प्लास्टिक की जरीकेन में 10 लीटर हाथ भट्टी निर्मित महुआ शराब मोटरसाइकिल पैशन प्रो नगदी 100 रुपए को बरामद कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा। कार्यवाही में आरक्षक उमेश साहू, विजय दिव्य शामिल रहे।

कम्प्यूटर ऑपरेटरों ने मुख्यमंत्री सहायता कोष में दिए नगद तीन हजार रुपए

राजनांदगांव। कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप और प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में उठाए गए कदम को देखते हुए जनपद पंचायत राजनांदगांव में कलेक्टर दर पर कार्यरत 6 कम्प्युटर ऑपरेटरों द्वारा कोरोना वायरस से प्रवासी मजदूरों के बचाव हेतु 3000 रुपये नगद मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा किया गया। कम्प्युटर ऑपरेटरों मुख्य रूप से नारायण साहू, यशवंत, लोकेश, दिलीप, कोमल व केतन है। कम्प्युटर ऑपरेटरों ने कहा कि कोरोना से जंग के लिए जनसहभागिता से अभिनव पहल करने की जरूरत है। आज का समय समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को समझने तथा इस महामारी के खिलाफमिलकर लड़ने का है। इसी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए कम्प्युटर ऑपरेटरों ने तीन हजार मुख्यमंत्री सहायता कोष में नगद दान करने की घोषणा की है।

अब घर बैठे जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए राहत पैकेट दान कर सकेंगे सामाजिक, स्वयंसेवी संगठन और नागरिक

- **दैनिक रोजी-मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले परिवारों को राहत पहुंचाने डोनेशन ऑन व्हील प्रांरभ**

कवर्धा। कोरोना की रोकथाम के लिए किए गए लॉक डाउन की वजह से दैनिक रोजी-मजदूरी कर जीवनयापन करने वाले परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर जिला प्रशासन कबीरधाम द्वारा आज से ÷डोनेशन ऑन व्हील्स÷ अभियान शुरू किया गया। कलेक्टर श्री अवनीश कुमार शरण और नगर पालिका अध्यक्ष श्री ऋषि शर्मा द्वारा इस ÷डोनेशन ऑन व्हील्स÷ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस वाहन के माध्यम से नगर के सामाजिक व स्वयंसेवी संगठन और नागरिक अब अपने घर पर ही रह कर लॉकडाउन से प्रभावित जरूरमंद लोगों के लिए राहत पैकेट के रूप में सहयोग दे सकते है। इस अलावा राशन के बदले जो व्यक्ति नगद राशि के रूप में सहयोग करना चाहते है वह भी दे सकते है। ÷डोनेशन ऑन व्हील्स÷ द्वारा रसीद भी दिया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा वाहनों के माध्यम से विभिन्न कालोनियों, व्यावसायिक परिसरों में विशेष वाहन भेज कर लोगों से राहत पैकेट संकलित करना प्रारंभ किया। जरूरतंद लोगों के लिए कलेक्टर श्री शरण ने स्वंय एक हजार रूपए नगद राशि और राशन समाग्री ÷डोनेशन ऑन व्हील्स÷ को प्रदान कर रसीद प्राप्त किया। अपर कलेक्टर श्री जेके ध्रुव व नगर के अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी नगद राशि और राशन समाग्री प्रदान किया। इस अवसर पर कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष श्री ऋषि कुमार शर्मा, जिला पंचायत सीईओ श्री विजय दयाराम के एसडीएम श्री विपुल गुप्ता जिला खाद्य अधिकारी श्री अरूण कुमार मेश्राम सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

लॉकडाउन के नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानों से वसूली गई कुल 19 हजार रूपए जुर्माने की राशि

धमतरी। कलेक्टर श्री रजत बंसल के निर्देश पर जिला मुख्यालय में आवश्यक वस्तुओं का मूल्य नियंत्रण, मुनाफाखोरी रोकने एवं किराना दुकानों को कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए सुरक्षात्मक उपायों का पालन कराने जिले में गठित दल द्वारा लगातार औचक निरीक्षण किया जा रहा है। आज इसी कड़ी में 15 दुकानों के निरीक्षण के दौरान धमतरी के मनोरंजन स्टोर्स आमापारा, टिकरापारा स्थित शंकर किराना स्टोर्स टिकरापारा और नरेश किराना स्टोर्स में आलू, प्याज, दाल, शक्कर एवं अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री का अधिक मूल्य पर विक्रय किए जाने की वजह से खाद्य औषधि प्रसाधन विभाग द्वारा प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की गई तथा नगरनिगम के अधिकारी द्वारा 6000 रूपए का अर्थदण्ड वसूला गया।

सब्जियां देकर जरूरतमंदों की मदद कर रहे हैं किसान

राजनांदगांव। कोरोना वायरस के संक्रमण से चिन्तित जिले के किसान जरूरतमंदों की मदद करने के लिए आगे आए हैं। खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम सिंघौरी के गणेश वर्मा, श्रीमती सुरेखा वर्मा, केशव चंदेल एवं ग्राम चिखली के रमेश वर्मा ने लौकी, टमाटर, भिण्डी, कद्दू, भाजी, बैगन निःशुल्क ग्रामवासियों को वितरित किया। छुईखदान विकासखंड के नगर पंचायत गंडई के किसान रवि पटेल, देवनाथ साहू, पोषण साहू द्वारा बैंगन टमाटर एवं अन्य सब्जियों को गरीब एवं जरूरतमंदों के लिए प्रदान किया। खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम गातापार जंगल के राहत शिविर में भी किसानों ने सब्जियां देकर सहयोग किया। राहत शिविर में ग्राम सिंघौरी के श्रीमती सुरेखा गणेश वर्मा ने 40 किलो लौकी, केशव चंदेल ने 25 किलो भिण्डी, रमेश वर्मा ने 15 किलो गिलकी, 25 किलो बैगन, 15 किलो टमाटर, 3 किलो धनिया, 25 किलो कद्दू दान किया। गातापार जंगल राहत शिविर के लिए ग्राम सिंघौरी के गणेश वर्मा ने 50 किलो लौकी, 40 किलो बैगन, ग्राम भोथी के यशवंत वर्मा ने 30 किलो लौकी, 20 किलो टमाटर, श्रीमती मोहनी वर्मा ने 40 किलो पत्तागोभी तथा 40 किलो सहित अन्य सामग्री दान दिया।

सोशल मीडिया में भ्रामक एवं गलत सूचनाओं से बचे

गुंडरदेही। थाना के निरिक्षक रोहित कुमार मालेकर से प्राप्त जानकारी गुंडरदेही कैसे करें व्हाटसऐप् का सुरक्षित उपयोग मित्रो कोरोना वायरस संकट के इस दौर में भ्रामक व गलत सूचनाएं सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाए जाने से इनकार नही किया जा सकता व्हाटसऐप भी एक ऐसा ही मंच है जहां से सूचनाएं तेजी से व्यक्तियों के मध्य संचारित होती है आइये जानते है इसके प्रयोग के समय क्या क्या सावधानी बरतने की आवश्यकता है अगर आप ग्रूप मेंबर है तो आपको क्या करना चाहिए ग्रूप में झूठी खबर घृणास्पद भाषण या गलत जानकारी पोस्ट न करें ऐसी किसी भी संदेश को न प्राप्त करे और न ही प्रसारित करें अगर आपको लगता है कि पोस्ट आपत्तिजनक है तो उसे तुरंत हटा दें आपको ऐसे संदेशों की जांच करनी चाहिए।

सीएमओ ने अपने कर्मचारियों के साथ पार्षद सब्जी बाजार में निरीक्षण किया

गुंडरदेही। नगर पंचायत के साप्ताहिक बाजार में कोरोना संक्रमण व लाक डाउन जब से प्रभावित हुआ है तब से अब तक प्रतिदिन सुबह 7:00 से 2:00 बजे तक सप्ताहिक बाजार में हट्री बाजार लगता है वही लगातार शासन-प्रशासन को नवप्रदेश ने ध्यानाकर्षण करवा रहा था वही 2 दिन पूर्व नगर पंचायत के कर्मचारियों को थाना निरीक्षक के द्वारा सोशल डिस्टेंस का पालन करवाने का मौखिक आदेश दिया था आवाज बढ़ा सुबह से ही नगर पंचायत के सीएमओ प्रमोद कुमार शर्मा ने अपने कर्मचारियों के साथ वह नगर के पार्षद सब्जी बाजार में निरीक्षण किया इस दर बयान सीएमओ सब्जी लेने वाला ग्राहक व सब्जी विक्रेताओं को मास्क लगाने का चेतावनी दिए वही सोशल डिस्टेंस बनाकर अपना व्यापार करने के लिए समझाइश भी दिया गया नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी लगातार बाजार में सोशल डिस्टेंस के बारे में जागरूकता अभियान चला रहा है पार्षद विजय सोनकर ने कहा सभी सब्जी विक्रेता शासन के नियम का पालन करें और कल सभी के मुंह पर मास्क बंधा हुआ दिखना चाहिए नगर पंचायत सीएमओ ने कहा अगर बिना मास्क के कोई सब्जी बेचता पाया गया तुझ पर कार्यवाही भी करेंगे छत्तीसगढ़ में बढ़ते संक्रमण को देखते हुए नगर पंचायत के सीएमओ ने सुबह से ही निरीक्षण में पहुंच गए थे आगे से बने नगरवासी को अपील किया कि बिना कोई काम के घर से कोई बाहर ना निकले।

महिला जन-धन खाते से हितग्राही कभी भी निकाल सकते हैं राशि

महासमुंद। जिले में महिला जन-धन खातें से जुड़े हितग्राहियों के खातों में शासन द्वारा राशि का अंतरण किया गया है। इस राशि को हितग्राही कभी भी अपनी सुविधानुसार निकाल सकते हैं। इसके लिए हितग्राहियों को घबराने अथवा हड़बड़ी करने की आवश्कता नहीं है। इस संबंध में कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने बताया कि कोविड-19 महामारी के संक्रमण से बचाव के लिए लाकडाउन घोषित है। इस दौरान निर्धारित समयानुसार सभी बैंक नियमित रूप से खुल रहें हैं। इसलिए किसी भी हितग्राही को अपने खातें से राशि निकालने के लिए हड़बड़ी करने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि हितग्राही अपनी सुविधा के अनुसार आवश्यकतानुरूप कभी भी खातें से राशि निकाल सकते है। इस संबंध में लीड बैंक अधिकारी अरूण कुमार मिश्रा ने बताया कि शासन द्वारा जनधन खातें में अंतरित राशि हितग्राही बैंक में अपनी सुविधा के अनुसार आकर कभी भी निकाल सकते है। बैंक समय पर नियमित रूप से खुल रहे है। कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिए सामाजिक दूरी का पालन हर हालत में किया जाना जरूरी है। इस कारण बैंकों में राशि आहरित करने के लिए अनावश्यक भीड़ नहीं लगाएं, बल्कि अपनी सुविधानुसार बैंक आकर राशि निकालें। उन्होंने यह भी बताया कि 09 अप्रैल के बाद भी राशि निकाली जा सकती है। इसके अलावा जब भी राशि अंतरित होगी तो हितग्राही उसे निकाल सकते हैं। साथ ही बैंक एटीएम और बैंक मित्रों के माध्यम से भी राशि प्राप्त की जा सकती हैं।

राज्य सरकार धान खरीदी की बकाया राशि, पिछला बोनस एवं लघु वनोपज समितियों को लाभांश की राशि अविलंब वितरित करे : शशि पवार

धमतरी। कोरोना की वजह से चल रहे लॉकडाउन से राज्य के निवासियों की दशा दयनीय हो चुकी है। छग की दो तिहाई आबादी कृषि और वन आधारित कार्यों से अपना जीविकोपार्जन करती है। राज्य सरकार किसानों को लुभावने वादे कर सत्तासीन हुई थी परन्तु किसानों मजदूरों और प्रदेश के आदिवासी वर्ग के साथ किये गये उनके सारे वादे झूठे साबित हुये हैं। जिला भाजपा अध्यक्ष ठाकुर शशि पवार ने कहा कि धान खरीदी में सरकार ने जितने प्रपंच किये उससे किसान पहले ही दुखी और त्रस्त था उस पर इस महामारी के संकट ने अन्नदाताओं का जीवन और कठिन कर दिया है। श ऐसे समय मे सरकार को बिना विलंब किये धान खरीदी की अंतर की बकाया राशि उनके खाते में जमा कराना चाहिये इसके लिये बजट में प्रावधान भी किया जा चुका है उसके बावजूद सरकार इसका भुगतान करने में देर कर रही है। इसके साथ ही अपने घोषणा पत्र के वादे के अनुसार पिछला बकाया बोनस देने पर भी गंभीरता दिखानी चाहिये। इसके अतिरिक्त असमय बरसात और ओलावृष्टि के चलते रबी फसल में चना और लाखड़ी इत्यादि उन्हारी फसलों को बहुत अधिक नुकसान हुआ है।

दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारियों को चार माह से नहीं मिला वेतन

गरियाबंद। वन विभाग कें कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियो को बित चार माह से वेतन नही मिला है। वेतन नही मिलने से ये वन कर्मचारी काफी परेशान है। इसमें दैनिक वेतन भोगी, दैनिक श्रमिक, वाहन चालक, कम्प्युटर आपरेटर शामिल है। संघ के पदाधिकारियो ने बताया कि विभाग के उच्च अधिकारियो द्वारा बजट का हवाला देकर वेतन नही आने की बात कही जा रही है। संघ के कर्मचारियो ने बताया इस संबंध में अवर सचिव छत्तीसगढ़ शासन को पत्र भेजा गया है।

डीएसपी ने चेकपोस्ट पर पहुँचकर दिए आवश्यक निर्देश

पुलिस जवानों से कहा आप भी सावधानी बरतें

बालोद / डोंडी। बालोद जिला पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा के निर्देशन पर कोरोना के संक्रमण से जिले को सुरक्षित रखने के प्रयास लगातार कीये जा रहे है इसी तारतम्य मे डी एस पी तनुप्रिया ठाकुर दल बल के साथ डौंडी

थाना क्षेत्र के सीमावर्ती चेक प्वाइंटो जहा पर लाक डाऊन का पालन कराते हुए एक जिले से दुसरे जिले मे प्रवेश करने के लिए रोका जा रहा है। वहा पहुंच कर निरीक्षण किया व ड्यूटी मे लगे पुलिस का कर्मचारियों से सुरक्षा संबंधित जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये लॉकडाउन का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश स्थानीय अधिकारियों को दिये।उन्होंने स्थानीय नागरिकों से भी कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने घर में ही रहने तथा सोशल डिस्टेंसिंग का सख्ती से पालन करने की अपील की। अधिकारियों ने इस दौरान गरीबों और बेसहारा लोगों को भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया ।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

लॉकडाउन पर संवेदनशीलता...

लाख मजदूर काम कर रहे हैं। सभी मामलों के अलावा प्रदेश में लॉकडाउन पर फैसला मंत्रीपरिषद की बैठक में चर्चा के बाद लिया जाएगा। वहीं दूसरी ओर कैबिनेट की बैठक से पूर्व ही और चर्चा के पहले स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने एक तरह से अपनी मंशा और फैसला सुनाते हुए कहा है कि प्रदेश में संक्रमण का खतरा और बढ़ सकता है। इसलिए सौ फीसदी लॉकडाउन की मियाद बढ़ाना चाहिए। छत्तीसगढ़ के विषय में हमारे मुख्यमंत्री का भी निर्णय अहम होगा।

बढ़ सकती है मरीजों...

टेस्टिंग किट्स समेत अन्य जरूरी सामान जो केन्द्र सरकार से हमें मिलने हैं, उस पर महीने भर का प्रोग्राम तय होना चाहिए कि कौन चीज कब-कब उपलब्ध हो पाएगी।

कटघोरा में घर-घर...

एक ही स्थान से इतने मामले मिलने पर प्रशासन की सांस फूल गई। आनन-फानन में पूरे शहर क्षेत्र को सील करने के साथ सैकड़ों की संख्या में पुलिस कर्मियों को निगरानी के लिए लगाया गया है। किसी भी तरह की आवाजाही को यहां प्रतिबंधित कर दिया गया है। आवश्यक सेवाओं से संबंधित पेट्रोल पंप और दवा दुकानें भी बंद हैं। प्रशासन ने लोगों की जरूरत को पूरा करने की व्यवस्था की है। यह पूरा काम अतिरिक्त चौकसी के साथ हो रहा है।

पुलिस दे रही समझाईश-दोबारा आवाजाही पर कार्रवाई संभव : प्रशासन ने उच्च स्तरीय बैठक भी की है। कोरबा जिले की आसपास से लगने वाली अंतरजिला सीमाओं को बंद करने का काम कर लिया गया है। वहीं जिला मुख्यालय में आवाजाही के प्रयोजन को दर्ज करने के साथ ही संबंधितों को कहा जा रहा है कि दूसरी बार आवाजाही करते पाए गए तो कार्रवाई संभव है। यह सख्ती का बिल्कुल नया तरीका है जिसे आज से प्रारंभ किया गया है। ज्ञात रहे कोरबा जिले में सबसे पहले कोरोना का एक मरीज कोरबा शहर में मिला था, जिसका एम्स रायपुर ने सफल इलाज कर उसे डिस्चार्ज कर दिया था।

कटघोरा का कोरबा...

के परिवार समेत 21 लोगों के सैंपल लिए हैं। सभी को होम आइसोलेट कर दिया गया है। इस इलाके को अब संवदेनशील माना जा रहा है।

लगाया जा रहा पता कि कटघोरा से तालापारा पहुंचे संक्रमित से कौन-कौन मिला :

कटघोरा का एक कोरोना संक्रमित कुछ समय पहले बिलासपुर के तालापारा आया था। इस व्यक्ति की ट्रैवल हिस्ट्री मिलने के बाद तालापारा में ऐसे लोगों की भी जानकारी जुटाई जा रही है जो इस व्यक्ति के संपर्क में आए। बताया जा रहा है कि संपर्क में आने वाले लोग परिजन के अलावा अन्य भी हो सकते हैं। तालापारा में कोरोना संक्रमित से मिलने वालों को भी खुद से सूचना देने की अपील भी की गई है।

कोरोना मरीजों की संख्या...

पर कुल 127 वेंटिलेटर उपलब्ध होने से मरीजों के इलाज में चिकित्सा कर रहे चिकित्सकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मरीज को उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। इधर राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार 13 अप्रैल सोमवार से डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति हास्पिटल (मेकाहारा) में प्रतिदिन 90 मरीजों के कोरोना जांच की जाएगी। कोरबा क्षेत्र के कटघोरा से मिले नये पाजीटिव मरीजों की संख्या को देखते हुए राज्य शासन से जहां कटघोरा को सीलबंद किया है वहीं वहां के निवासियों में प्रत्येक व्यक्ति की कोरोना जांच किये जाने के आदेश स्वास्थ्य संचालनालय से जारी किये गये है।

पीएमओ ने कोरोना...

समीक्षाओं की श्रृंखला में यह नवीनतम बैठक थी। बैठक में प्रधानमंत्री कार्यालय के साथ-साथ अन्य मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में देश भर में समय पर सूचनाओं का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों पर चर्चा की गई और इसके साथ ही क्षेत्रीय भाषाओं में संवाद के जरिए अंतिम आदमी तक पहुंचना सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। प्रौद्योगिकी और डेटा प्रबंधन पर चर्चा के दौरान 'आरोग्य सेतु' ऐप पर संतोष व्यक्त करते हुए यह मकहा गया कि इस ऐप के साथ उपयोगकर्ताओं का जुड़ाव बढ़ाने की आवश्यकता है।

170 देशों में...

तेजी से नकारात्मक हो जाएगा, जैसा कि आप अगले सप्ताह हमारे विश्व आर्थिक आउटलुक में देखेंगे। वास्तव में हम बहुत बड़ी मंदी के बाद सबसे खराब आर्थिक गिरावट की उम्मीद कर रहे हैं। 3 महीने में बदल गया सबः आईएमएफ प्रमुख ने कहा, ''सिर्फ तीन महीने पहले हमारा अनुमान था कि हमारे 160 सदस्य देशों में इस साल प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी।

देश में अभी...

एक हफ्ते पहले तक 5-6 हजार टेस्ट कर रहे थे लेकिन कल (गुरुवार) हमने 16,002 टेस्ट किए। इनमें से करीब 2 प्रतिशत केस ही पॉजिटिव आए हैं।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग कवर्धा (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-1380/NIT-1/20202021/व ले लि — दिनांक : 07/04/2020

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 17/04/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 20/04/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :- 21/04/2020 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्रं. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी (रु.में)
1	2	3
1 T0001	लो.नि.वि. उपसंभाग कवर्धा के उपखण्ड क्रं. 1 आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत	20.00 15000.00 300000.00
1 T0002	लो.नि.वि. उपसंभाग कवर्धा के मुख्यालय सेक्टर क्रं. 1 अंतर्गत जिला अस्पताल स्टाफ क्वार्टर,	19.98 15000.00 300000.00
1 T0003	सामुदायिक भवन निर्माण प्रेस क्लब कवर्धा (19-20) प्रथम आमंत्रण	10.00 7500.00 150000.00
1 T0004	जिला चिकित्सालय परिसर में शव विच्छेदन कक्ष के सामने परिजनों के बैठने हेतु जर्जर हो चुके चबुतरे का	0.85 2000.00 13000.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग संभाग कवर्धा (छ.ग.)

जी-80034/2

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

सुरक्षा पर तैनात सिपाही को चकमा देकर रोज छलका रहे जाम

- जिले में पहले से बन रही कच्ची शराब फॉईलो को खंगालेंगे तो मिलेंगे दर्जनो मामले
- टीआई ने कहा पहले भी हुई कार्यवाही, पर नही दिख रहे वनांचल मे असर

बोड़ला। लॉकडाउन के दौरान सभी देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकान बंद किए जाने से थाना क्षेत्र में महुआ से कच्ची शराब बनाने और इसे पीने वाले वालों की होड़ लग गई है। गौरतलब है कि सरकारी शराब दुकान बंद होने से वनवासियो द्वारा कच्ची शराब बनाया जा रहा है। और इसके प्रेमी सुबह 05 बजे वनांचलो की ओर अपना रूख करते है और महुआ का शराब लेकर सुबह 08 बजे तक अपनी घरो की ओर पहुंच जाते है। सवाल ये उठता है कि आखिर लॉकडाउन के दौरान 25 से 30 किलोमीटर का सफर तय कर कच्ची शराब को लेकर आना आम लोगो की सुरक्षा पर

प्रश्नवाचक चिन्ह खडा कर रहा है। आखिर लॉकडाउन के दौरान सुबह के समय सुरक्षापर तैनात रहने वाले जवान कहा चले जाते है जिसके चलते अवैध कच्ची शराब का कारोबार फल फूल तो रहा है। साथ ही अगर कही अन्य राज्यो से लोग इस सुरक्षा को पार कर शहर में प्रवेश कर जाते है तो ऐसी स्थिति में आम जन कितने सुरक्षित होंगे। जो अपने आप में सोचनीय विशय है। ज्यादातर कच्ची शराब रानीदहरा, सरोधा बांध उलट क्षेत्र, छपरी, चिल्फी, मूढघुसरी जैसे क्षेत्रो में कच्ची शराब बनाए जाने की सुचना मिल रही है। ऐसा नही है कि वनांचल क्षेत्रो मे कच्ची शराब बेचने के मामले थाने में दर्ज नही हो अगर कही पुलिस विभाग पुराने फाइलो को खंगाल कर देखे तो ऐसे कच्ची शराब बेचने वालो पर जहां कडाई से रोक लगाया जा सकेगा वहीं आमजन भी सुरक्षित रह सकेंगे। दरासल कोरोना ऐसी महामारी है जो संपर्क मे आने से ही लोगो को अपने गिरत में ले लेता हैं अब सोचिए अगर कोई दूसरे राज्य से सुबह-सुबह जिले में प्रवेश कर जाता है तो आखिर ऐसी स्थिति मे सुरक्षा को लेकर कई प्रश्नवाचक चिन्ह लग रहे है यहा महत्वपूर्ण विशय यह नही कि खानापूर्ति के नाम पर कच्ची शराब बेचने वाले को पकडकर कार्यवाही की जा रही है बल्कि पुराने मामलो को देखा जाए तो आज भी दर्जनो से ज्यादा कच्ची शराब परोसने वाले लोग पुलिस के गिरत मे होंगे।

कुकदुर में भी पकडे गए कच्ची शराब परोसने वाले

ग्राम माठपुर व छपरा पारा में अवैध कच्ची शराब विक्रय हेतु निर्माण किया जा रहा है कि सूचना पर 1.चंन्द्रकुमार पिता सेउकराम माथुर जाति सतनामी 33 वर्ष 2. बिशेसर पिता सुकालू कुर्रे 58 वर्ष जाति सतनामी 3. नोहर पिता चैतू राम बैगा 40 वर्ष 4. पवन पिता सरदारी बैगा 32 वर्ष आदि घर दबिश देने पर 14लीटर महुआ शराब व महुआ पास कीमती 1400रुपये लगभग बरामद किया गया,सभी आरोपीयों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ राज्य आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया।

न्यूज गैलरी

चौदह लाख की सहायता राशि शिक्षा विभाग ने दी

भाटापारा। प्रदेश सरकार द्वारा कोरोना वायरस संक्रमक की रोकथाम के लिए किये जा रहे प्रयासो पर विकासखण्ड़ भाटापारा अन्तर्गत स्कूल विभाग के द्वारा कोरोना संक्रमण में सहायतार्थ हेतु विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष में रू. 14,05,774 (चोदह लाख पॉच हजार सात सौ चौहत्तर रूपयें) सहायतार्थ प्रदान किया गया। उक्ताशय की जानकारी शिक्षा विभाग के सूत्रो ने देते हुए बताया की आज कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए प्रदेश सरकार की सहायता बहुत ही निहायत जरूरी है।

कलेक्टर के एल चौहान ने 8 घंटे में ही मुआवजा राशि स्वीकृत की

भाटापारा। छत्तीसगढ़ के इतिहास में संभवतः पहला मामला होगा जहाँ आकस्मिक मृत्यु के मामले में घटना के लगभग 8 घंटे के भीतर ही मृतक के परिजनों के लिए मुआवजा राशि स्वीकृत कर परिजनों को देने का निर्देश जारी कर दिया गया। छत्तीसगढ़ के आई ए एस कलेक्टर के एल चौहान ने मानवीय दृश्टिकोण अपनाते हुए यह राशि स्वीकृत की। बताया जाता है की कांकेर जिले की तहसील नरहरपुर के ग्राम रावस में रहने वाले फूलचन्द गोड़ की चार बेटिया की 9 अप्रैल गुरुवार को लगभग दोपहर में 11 बारह बजे गॉव के तालाब में नहाते वक्त डूबने से चारो की मौत हो गई थी।एक साथ चार बहनो की मोत से परिजनो और ग्राम में शोक मातम छा गया। इस बात की जानकारी कलेक्टर के एल चौहान को लगने पर उन्होंने तत्काल नायाब तहसीलदार को ग्राम में जाँच के लिए भेजा और प्रकरण बना कर तुरंत प्रतिवेदन भेजने को निर्देशित किया। तहसीलदार और एस डी एम के जाँच प्रतिवेदन पर अपनी मोहर लगाते हुए मृत बहनो गिरिजा नेताम 9 वर्ष,नर्मदा नेताम 6 वर्ष,भूमिका नेताम 3 वर्ष और नेत्रा नेताम 11 वर्ष के पिता फूलचन्द गौड़ माता गंगा बाई के नाम से चार 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि राजस्व पुस्तक परिपत्र की कंडिका 6-4 के तहत गुरूवार की शाम सवा 7 बजे ही स्वीकृत करते हुए आदेशित कर दिया।

भाटापारा की राशन दुकान निलंबित

भाटापारा। भाटापारा तहसील के ग्राम कोड़ापार में महिला स्व सहायता समूह द्वारा संचालित राशन दुकान को तत्काल प्रभाव से एस डी ?म ने निलम्बित कर दिया है। समूह पर राशन वितरण में अनियमितता, निर्धारित दर से ज्यादा कीमत पर राशन वितरण और उपभोक्ताओं से दुर्व्यवहार के आरोप पर एसडीएम भाटापारा द्वारा निलंबित किया गया है। एस डी एम महेश सिंह राजपूत ने दुकान का संचालन आगामी आदेश तक कोड़ापार में ही गुर्रा सहकारी समिति को किया जाने हेतु निर्देशित किया है।इस सम्बन्ध में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने कहा है कि कोरोना जैसे आपात हालात में लोगों की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विषयों पर जरा भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

लोधी समाज बेमेतरा ने सीएम सहायता कोष में दिया 1.25 लाख रु

बेमेतरा/साजा। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण से निपटने के लिए आम नागरिको द्वारा उदारता पूर्वक सहयोग दिया जा रहा है। इसी क्रम मे कलेक्टर शिव अनंत तायल से लोधी समाज के जिला प्रतिनिधि मण्डल ने सौजन्य मुलाकात कर 1.25 लाख रुपए का चेक मुख्यमंत्री सहायता कोष मे जिला प्रशासन बेमेतरा के माध्यम से भेंट किया। इस अवसर पर लोधी समाज के जिला अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र वर्मा, चन्द्रिका वर्मा, मुकेश वर्मा, प्रमोद वर्मा, लछ्मन वर्मा, हनुमान वर्मा, प्रकाश वर्मा, शंकर वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा हेमन्त वर्मा, डॉ रामावतार वर्मा, ठाकुर राम वर्मा, परमेश्वर वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कलेक्टर ने बताया कि कोरोना से बचाव के लिए जो भी नागरिकगण दान करना चाहते हैं, वे जिला प्रशासन बेमेतरा के राहत कोष कोविड-19 बचत खाता मे दान कर सकते हैं।

राशि गबन का मामला गरमाया कार्रवाई के लिए उठ रही मांग

- आदर्श आचार संहिता लगने के बाद निकाली लगभग 50 लाख से ज्यादा की राशि

देवभोग। आदर्श आचार संहिता के दौरान नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए लाखों रुपए निकालने वाले सचिवों पर अब तक कार्यवाही नहीं हो पाई है जबकि पूरा मामला आईने की तरह साफ हो गया है। बावजूद इसके ग्राम पंचायत सचिवों को कार्यवाही की तलवार लटक रही है। क्योंकि कड़ी दर कड़ी में सचिव, अधिकारी इस घोटाले में शामिल होने का आरोप लगता जा रहा है। पंचायत सचिवों के साथ-साथ जिम्मेदार सीईओ की भूमिका भी अहम है। क्योंकि आदर्श आचार संहिता लगने की पूरी गाइडलाइन से अच्छी तरह अवगत होने के बाद भी राशि निकालने की अनुमति दी गई। शायद यही वजह है कि लाखों रुपए को विकास कार्यों में इस्तेमाल करने की जगह अपने निजी कार्यों में लगा दिया गया। इसके बावजूद जिला प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई देखने को नहीं मिल रहा है। जबकि इससे मिलता-जुलता एक मामले में निलंबित की कार्यवाही हो गई। जब तत्कालीन सीईओ ने आदर्श आचार संहिता को मद्देनजर रखते हुए चेक जारी किया था जिस पर आचार संहिता का उल्लंघन मानकर सीईओ के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई हुई।

लेकिन यहां बिना कार्य की लाखों रुपए निकालने की अनुमति कैसे दी गई और जाहिर है अंतिम समय शासकीय राशि का निजी कार्यों में ही उपयोग होगा। उल्लेखनीय की ब्लॉक की कुमडई खुर्द, करिचया, डूमरपीटा, बरबहेली, सहित 16 पंचायत के सरपंच सचिव ने आदर्श आचार संहिता के दौरान 72 लाख से ज्यादा राशि निकालकर वायरा नियारा कर लिया है। क्योंकि इन पंचायतों में जिन कार्यों के नाम से राशि निकाली गई है वह काम अभी तक जमीनीस्तर पर नहीं हो पाया है । और जब ग्रामीणों द्वारा इस एक्शन प्लान के लिए जारी की गई राशि में कार्य करने का दबाव बनाया जाता है तो सचिवो द्वारा तत्कालीन सरपंच पर पूरा टिकरा फोड़ते हुए कहते हैं कि राशि निकालकर अपने पास रख लिया ऐसे में खाली हाथ किस तरह कार्य करवाया जाए। बताया जा रहा है कि करीब 50 लाख से अधिक रुपए के इस घोटाले को अंजाम दिया गया है। वह भी नियमों की अनदेखा कर फिर भी जिला प्रशासन जिम्मेदार अधिकारी से लेकर ग्राम पंचायत सचिव के ऊपर मेहरबानी साफ-साफ दिखाई दे रही है। जबकि वर्तमान सरपंच भी इस घोटाले में अहम भूमिका रखने वाले सचिवों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग कर रहे हैं । सबसे खास बात तो यह है जो कार्य मनरेगा के तहत स्वीकृत हुआ है उसे भी 14वें वित की राशि निकालकर मुरूमीकरण किया गया है। कुमडई खुद पंचायत में आदर्श आचार संहिता के दौरान 1लाख निकालकर भैंरीगुडा मार्ग पर कराया गया है। वह सड़क मिट्टी मुरूमी सड़क मनरेगा के तहत स्वीकृत रहा फिर भी सचिव ने 1लाख का मुरूमीकरण करना बताया जा रहा है जबकि उक्त मार्ग पर 15 ट्रिप मुरूमी नहीं डाला गया है।

वन विभाग ने दी भूतवूर्प सैनिक व उसके भाई के घर दी दबिश

- छापामार कार्यवाही में पांच लाख की इमारी लकड़ी जप्त
- दोनों के विरूध्द वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज, भेजे गए जेल

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। गुरूवार को वन विभाग ने छापामार कार्यवाही करते हुए बड़ी सफलता दर्ज की है। विभाग ने परसुली वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम संबलपुर में भूतपूर्व सैनिक व उसके भाई के घर से लाखो की इमारती लकड़ी जप्त की है। वही दोनो भाईयो के विरूध्द वन अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेल दिया गया है। बताया जा रहा है कि उक्त भूतपूर्व सैनिक द्वारा बिते एक साल से जंगल से लकड़ी की अवैध तस्करी की जा रही थी इसकी सुचना विभाग को भी लगातार मिल रही थी। पुख्ता सुचना मिलने पर वन विभाग ने गुरूवार को टीम गठित कर भूतपूर्व सैनिक के घर में दबिश दी। दबिश में भूतपूर्व सैनिक के अलावा उसके भाई के यहां से 341 नग साल, सागौन और बीजा प्रजाति के चिरान लगभग पांच घन मीटर से अधिक इमारती जप्त की है। ज्ञात हो कि दो दिन पूर्व भी उक्त भूतपूर्व सैनिक के ट्रेक्टर को भी वन विभाग ने 90 नग साजा प्रजाति के चिरान सहित जप्त किया था।

वन परिक्षेत्र अधिकारी अरूण कुमार सोम ने बताया कि वन परिक्षेत्र परसुली अंतर्गत ग्राम संबलपुर निवासी भूतपूर्व सैनिक कृष्ण कुमार पांडेय पिता श्रीनाथ पांडेय द्वारा सालभर से चोरी छुपे आसपास के जंगलो से इमारती लकड़ी की अवैध तस्करी की जा रही थी। इसकी सुचना समय समय पर वन विभाग को मिलती रही है। लाकडाउन के दौरान भी आरोपी द्वारा तस्करी की जा रही थी इस दौरान आरोपी के पास से 90 नग साजा बल्ली के साथ उसका ट्रेक्टर जप्त किया था इसी के आधार पर विभाग को पुख्ता सुचना मिली थी कि आरोपी के घर में भी अवैध लकडी रखी गई है। सुचना के आधार पर उपवनमंडलाधिकारी राजिम अतुल श्रीवास्वत के निर्देश पर उपमंडलाधिकारी व परिक्षेत्र अधिकारी गरियाबंद मनोज चंद्राकर, छुरा परिक्षेत्र अधिकारी अशोक भट्ट तथा वन परिक्षेत्र परसुली की संयुक्त टीम गुरूवार सुबह सात बजे पुलिस के साथ सर्च वारंट भूतपूर्व सैनिक कृष्ण कुमार पांडेय के घर पहुँची।

वालंटियर के रूप में नगर के युवक और युवतियां रखेंगे भीड़भाड़ वाले स्थान पर नजर

गंडई पंडरिया। जिला कलेक्टर के निर्देशन में कल गुरुवार को नगर पंचायत गंडई के सभाकक्ष में नगर के होनहार युवाओं एवं युवतियों को वालंटियर के रूप में काम करने हेतु नगर पंचायत सभाकक्ष में बुलाकर प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें यह बताया गया की कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए सोशल डिस्टेंस का पालन कराना आवश्यक है। वालंटियर के रूप में चिन्हांकित कर कुल अट्ठारह युवक एवं युवतियों को सोशल डिस्टेंस के पालन कराने हेतु बैंक संस्था सहित नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों/संस्थाओ के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है। और आज शुक्रवार से ही अपनी जिम्मेदारी के लिए वालंटियर के रूप में कार्य पर उपस्थित होंगे। यह जिम्मेदारी उन्होंने जनसेवा के रूप में अपने ऊपर दी है। कलेक्टर एवं एसडीएम के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में स्थानीय प्रशासन कोरोना वायरस पर नियंत्रण हेतु सोशल डिस्टेंस के पालन कराने हेतु प्रतिबद्ध है। वालंटियर के रूप में कैसे काम करना है इस बाबत तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता सी एम ओ खुमान कश्यप ने उन्हें प्रशिक्षण भी दिया गया।

ये होंगे वालेंटियर

नगर के युवाओ में धीरज जैन दिलेश्वर कुंजाम विष्णु राम आयुष जायसवाल सूरज पांडे विनय तिवारी सोमठाकुर कांशीराम तृप्ति झरिया अर्जून झारिया अमर यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

एएसपी डीआर पोर्ते ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ फ्लैग मार्च निकाला

डौंडी। कोरोना वायरस को लेकर चल रहे कर्फ्यू को लेकर आज जिला पुलिस कप्तान जितेन्द्र सिंह मीणा के निर्देशन में तहसीलदार प्रतिमा ठाकरे सहित पुलिस के अधिकारियों, एडिशनल पुलिस कप्तान डी आर पोर्ते व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ फ्लैग मार्च निकाल कर नगर का जायजा लिया। जन साधारण को कोरोना वायरस से बचाने व इस दौरान बरती जाने वाली

सावधानियों को लेकर लॉकडाउन को सख्ती से लागू करवाने के लिए प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों के साथ नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्ड में फ्लैग मार्च निकाला। उन्होंने जनप्रतिनिधियों व आमजन को लॉकडाउन के दौरान घरों में रहने के निर्देश देते हुए कोरोना वायरस से बचने संबंधी हिदायतों का पालन करने के लिए भी कहा। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारी लॉकडाउन में अपने घरों में रहने का आह्वान किया। तहसीलदार प्रतिमा ठाकरे ने कहा कि बचाव के लिए समय समय पर साबुन से 20 सेकंड तक हाथ को धोने की प्रक्रिया को आदत बनाए और एक दूसरे से बात करने की स्थिति में कम से कम एक मीटर का फासला रखें। उन्होंने कहा कि अगर कोई बेहद जरूरी कार्य नहीं हैं तो घर से न निकलें और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से परहेज करें। कोरोना वायरस को लेकर डरने एवं घबराने की जरूरत नहीं हैं, अपितु सावधानियां रखने की जरूरत हैं।

सब्जी बाजार में नहीं हो रहा फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन

लवन। कोरोना वायरस के संक्रमण से लोगों को बचाने के लिए प्रशासन द्वारा नियम बनाकर सख्ती से पालन कराने पर जोर दिया जा रहा है, लेकिन लोगों की लापरवाही से शारीरिक दूरी बनाए रखने के नियम का पालन नहीं हो रहा है। लॉकडाउन के दौरान प्रशासन द्वारा दिए गए निर्धारित समय-सीमा तक किराना, दूध और सब्जी खरीदने के लिए लोगों को छूट दी गई, ताकि वे खाने-पीने के सामान के लिए परेशान न हो। वही बाजारों में कम से कम दो-दो मीटर तक दूरी बनाकर सब्जी पसरा लगाने की बात लोगो को की गई है, इसके बावजूद भी लॉकडाउन में सोशल डिस्टेंस का पालन नहीं हो रहा है, ऐसा नजारा बलौदाबाजार विकासखण्ड अन्तर्गत के ग्राम पचांयत करदा में साप्ताहिक सब्जी बाजार में दिख रहा है। शासन के आदेशानुसार ग्राम सरपंच ने कोटवार के द्वारा मुनादी भी किये थे कि गांव में लॉकडाउन के खत्म होते तक सब्जी बाजार नहीं लगाना है, इसके बावजूद भी कुछ नासमझ सब्जी व्यापारी है जो मुनाफा कमाने के चक्कर में गांव के गुड़ी चौक में सकरा जगह होने के बावजूद भी सब्जी की बाजार लगा रहे है।

लॉकडाउन में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को पिलाया जूस

लवन। प्रदेश सहित पूरे देश में इन दिनों कोरोना वायरस का कहर जारी है। कोरोना वायरस से बचाव के लिए देश में 14 अप्रैल तक लॉकडाउन लगाया गया हैं। लॉकडाउन में दिन रात ड्यूटी पर लगे पुलिसकर्मी की हौसला अफजाई के लिए लवन नगर के पूर्व पार्षद व कांग्रेसी नेता अजय ताम्रकार ने अपने परिवार सहित ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सेनीटाईजर देकर अमूल जूस पिलाया गया, और कहा कि आप लोगों की जितनी प्रशंसा की जाये वह कम होगी।

बेमेतरा विधायक छाबड़ा ने किया बेरला चिकित्सालय, सब्जी बाजार का निरीक्षण

बेमेतरा/साजा। बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा द्वारा समर्पित होकर कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमण से बचाव हेतु किये जा रहे प्रयासों तथा विधायक के द्वारा अन्य राज्यो मे कार्य कर रहे श्रमिको को आर्थिक सहायता पहुचाने हेतु जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर किये जा रहे कार्यो से प्रेरित होकर बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के बेरला ब्लाक के आम जनता तथा संस्थाये भी इस यज्ञ में अपनी ओर से सहभागिता निभाने तथा विधायक आशीष छाबड़ा के हाथ मजबूत करने में कोई भी कमी नही छोड़ रही है। विधायक श्री छाबड़ा ने नगर पंचायत बेरला में आज बेरला चिकित्सालय का निरीक्षण किया तथा जानकारी ली। उपस्तिथ चिकित्सको एव स्टॉफ को निर्देशित किया। विधायक बेमेतरा ने इस दौरान चिकित्सालय में मरीजो एव परिजनों को मास्क एव सेनेटाइजर का भी वितरण किया।

उदासिनता | प्रधानमंत्री का लॉक डाउन में मुफ्त गैस सिलेंडर नही पहुंचने दे रहे खाद्य विभाग के अधिकारी, दबिश देकर बना रहे है जप्ति

नौकरशाह के गढ़ में मोदी के तीन माह के फ्री गैस सिलेंडर वितरण पर छाई खाद्य विभाग की काली छाया

मैनपुर। देशभर में कोरोनावायरस के बढ़ते संक्रमण की खबरों के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1,70,000 करोड़ के राहत पैकेज की घोषणा की, इसमें प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत आने वाले लाभार्थियों को भी तीन महीने तक मुफ्त सिलेंडर मिलने का ऐलान शामिल है। वित्त मंत्री ने ये भी कहा था कि उज्ज्वला योजना का लाभ पाने वाली 8.3 करोड़ महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा।

किन्तु छत्तीसगढ़ रमन सिंह की सत्ता परिवर्तन के बाद राज्य सरकार ने उज्ज्वला योजना से हाथ खींचा लिया था जिसके बाद पेट्रोलियम कंपनी सीधे हितग्राहियों को दे कनेक्सन दे रही हैं,

ज्ञात हो कि केन्द्र सरकार की उज्ज्वला गैस कनेक्शन योजना से राज्य सरकार ने हाथ खींच लिया था। एक तरह से प्रदेश स्तर पर यह योजना बंद कर दी गई है पर भारत पेट्रोलियम लिमिटेड (एलपीजी) की ओर से पूर्व में चिन्हांकित किए गए हितग्राहियों को डीलरों के माध्यम से गैस कनेक्शन दिया जा रहा था। प्रदेश सरकार की ओर से रुचि नहीं दिखाए जाने के बाद से डीलरों ने भी नए कनेक्शन के लिए फॉर्म देना भी बंद कर दिया था। इस वजह से सैकड़ों हितग्राही योजना के लाभ से वंचित हो गए हैं। आंख फोड़ू धुएं से निजात पाने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से उज्जवला योजना शुरू की गई है। वर्ष 2016-17, 2017-18 और 2019 में चुनाव से पहले तक लगभग 200 रुपए में बीपीएल श्रेणी के हितग्राहियों को

गैस का कनेक्शन दिया गया।

बता दे कि छत्तीसगढ़ में 26लाख 68 हजार601 हितग्राही इससे लाभांवित हुए। इसके बाद केन्द्र सरकार ने उज्वला टू योजना शुरू कर दी। इस योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क में कनेक्शन दिया जा रहा था। हितग्राहियों को योजना का लाभ मिलना बंद हो गया है।बताना लाजमी होगा कि गरियाबंद जिला अंतर्गत विकास खण्ड मैनपुर क्षेत्र लॉकडाउन को देखते हुये गैस एजेंसी के वर्करों द्वारा घर पहुंच सेवा दी जा रही थी सांथ ही हितग्राहियों को उनके खाते में गैस सिलेंडर का पैसा केंद्र सरकार द्वारा भेज दिया गया है जिसकी जानकारी वर्करों द्वारा दी जा रही थी और किन्तु यहाँ बात जिला खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक व हुलास डडसेना को ना गवार लगने लगा और उनके द्वारा गैस वर्करो के स्थानों पर दविस देकर कार्यवाही की गई जिसमे बिंद्रानवागढ़ ग्रामीण वितरक भारत गैस के वर्कर से 18 नग खाली सिलेंडर जब्ती जप्ती किया गया सांथ ही परमेश्वरी एचपी गैस एजेंसी वर्कर से 10 न खाली 3 नग भरा हुआ सिलेंडर जप्त कर कार्यवाही की गई यह दोनों मैनपुर से जप्ती बनाया गया हैं और बिंद्रा नवागढ़ ग्रामीण वितरक भारत गैस पर कार्यवाही कर सुपुर्द किया कर दिया गया है,बता दे कि लॉक डाउन के चलते ग्रामीण घर से नही निकल रहे है ऐसे में गैस एजेंसी के वर्कर ही गांवो तक मुफ्त दी जाने बाली गैस सिलेंडर की जानकारी दे रहे है सांथ ही घर पहुंच सेवा भी दे रहे है,लेकिन खाद्य विभाग के अधिकारी अब केंद्र सरकार की योजना पर काली छाया बनकर मंडरा रहे है ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की योजना का लाभ लोगो तक नही पहुंच रहा है।लोगो के बीच अब यहां भी चर्चा होने लगी हैं की उज्ज्वला योजना से लॉक डाउन में मिलने बाला लाभ अब डर्टी पॉलिटिक्स की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा हैं।

■ न्यूज गैलरी

रविवि की परीक्षाएं मई के माहांत में होने की संभावना

रायपुर (नव प्रदेश)। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाएं भी मई माह के अंतिम तारीखों में होने की संभावना है। ज्ञात हो कि कोरोना वायरस के कारण स्नातक स्तर पर बीए, बीकॉम, बीएससी और बीएचएससी आदि क्लासेस की परीक्षाएं स्थगित कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार अब यह परीक्षाएं मई माह के अंतिम तारीखों में शुरू हो सकती हैं। विश्वविद्यालय ने इसकी तैयारियां करनी शुरू कर दी है। जल्द ही परीक्षा के लिए संशोधित समय सारिणी जारी की जा सकती है।

निगम के दो उपायुक्त के साथ चार अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल

रायपुर। निगम प्रशासन ने दो उपायुक्तों के साथ ही चार अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल करते हुए नईपदस्थापना सूची जारी कर दी है। उपायुक्त श्रीमती कृष्णा खटिक राजस्व बाजार एवं नजूल विभाग, विधि, जनगणना, निर्वाचन, जनसूचना अधिकारी को बाजार एवं नजूल विभाग के प्रभार से मुक्त करते हुए शेष प्रभार यथावत रखा गया है। उपायुक्त आरके डोंगरे मुख्यालय को बाजार, नजूल शाखा, पीएमएवॉय, बीएसयूपी एवं अन्य सभी आवा योजना के आवासों के आवंटन, वसूली कार्य, सभी विभागों के जटिल, विवादित बकाया राजस्व की वसूली हेतु प्राधिकारी कार्य, विभागों से प्रकरण प्राप्त होने पर आरआरसी के माध्यम से भू-राजस्व की भांति वसूली का कार्य संपादित करेंगे। जोन क्रमांक 5 के आयुक्त अरूण ध्रुव को जोन आयुक्त के प्रभार से मुक्त करते हुए उन्हें मुख्यालय में संलग्न किया गया है। इसके अलावा उन्हें नोवल कोरोना के तहत वितरित होने वाले खाद्यान्न वितरण के कार्य में यूएस अग्रवाल संयुक्त कलेक्टर का सहयोग करेंगे। ईई. संतोष पांडेय प्रभारी अधीक्षण अभियंता मुख्यालय को प्र.अधीक्षण अभियंता मुख्यालय से जोन आयुक्त 5 होंगे। रघुमणी प्रधान प्र. कार्यपालन अभियंता एसबीएम मुख्यालय को मूल कार्य व अन्य प्रभार सहित प्र. कार्यपालन अभियंता जोन क्रमांक 7 का अतिरिक्त प्रभार मिला है। विनोद चतुर्वेदी सहायक अभियंता प्र.कार्यपालन अभियंता जोन क्रमांक 7 को सहायक अभियंता उद्यान विभाग मुख्यालय में पदस्थापना दी गई है।

कल बस्तर संभाग में बदल सकता है मौसम का मिजाज

रायपुर। राज्य के दक्षिणी इलाका याने बस्तर संभाग में कल एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदल सकता है। इस दौरान एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा अथवा गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती है। वहीं राज्य के शेष इलाकों में मौसम मुख्यतः शुष्क बना रहेगा और अधिकतम-न्यूनतम तापमान में ज्यादा अंतर नहीं आएगा। मौसम विभाग के रिपोर्ट की माने तो वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत की ओर आ रहा है। इसके प्रभाव से एक चक्रीय चक्रवाती घेरा मध्य पाकिस्तान और उससे लगे पश्चिम राजस्थान के ऊपर 0.9 किमी पर स्थित है।

आंध्रप्रदेश से 33 ग्रामीण जंगलों में दिन-रात पैदल चलकर ककाड़ी गांव की सरहद में रुके

नव प्रदेश संवाददाता

तालिया बजाकर मेडिकल टीम और ग्रामीणों ने किया स्वागत

दंतेवाड़ा। कोरोना लॉकडाउन की वजह से आंध्रप्रदेश में फंसे 33 मजदूरों ने पैदल ही जंगल के रास्ते छत्तीसगढ़ के धुर नक्सल प्रभावित इलाका दंतेवाड़ा पहुंच गए हैं. इन मजदूरों ने दूसरे राज्य से आने की जानकारी नहीं छुपाते हुए ग्रामीणों और स्वास्थ्य विभाग को इसकी सूचना दी. जिससे इनका चेकअप हो सके. ऐसा कर इन मजदूरों ने मानवता का परिचय दिया है, तो ताली बजाकर इनका स्वागत किया गया. यही वजह है कि इन मजदूर ग्रामीणों की तारीफ हो रही है. वो भी ऐसे समय में जब कुछ लोग विदेश और मरकज से आने की जानकारी छुपा रहे हैं।

पूरा मामला दंतेवाड़ा जिले के ककाड़ी चूलापारा गांव का है. यहां के 33 ग्रामीण आंध्रप्रदेश के नंदीगांव में मजदूरी करने गए थे. लेकिन देश में लॉकडाउन लगते ही सभी मजदूर नंदीगांव में ही फंस गए. कुछ दिन बाद ठेकेदार ने राशन और भोजन की व्यवस्था करने से हाथ खड़ा कर दिया. प्रशासन ने ठेकेदारों को मजदूरों की देखभाल का जिम्मा दिया था. लेकिन ठेकेदार के असमर्थता जताने पर मजदूर गांव ही लौटना मुनासिब समझे।

आंध्र प्रदेश से चिंतलनार जगरगुंडा के जंगल होते हुए मजदूरों ने पैदल चलकर अपने गांव की दूरी अपने कदमों से ही जंगलों के रास्ते नाप लिया. जब ये अपने गांव पहुंचे, तो सीमा पर ही जंगल सभी मजदूर रुक गए. इसकी सूचना उन्होंने ग्रामीणों और मेडिकल टीम को दी. कुआकोंडा ब्लॉक में बनी अंजनि मितानिन प्रशिक्षक और डॉक्टर अतीक अंसारी टीम ने सुबह ककाड़ी चूलापारा गांव की सीमा पर पहुँचकर सभी ग्रामीणों की स्क्रीनिग टेस्ट कर उन्हें 28 दिनों के लिए होम क्वारनटाइन पर रखा है।

डॉक्टर अतीक अंसारी ने बताया कि ये सभी ग्रामीण मिर्ची तोड़ने के काम से आंध्रप्रदेश गए थे. जैसे ही लॉक डाउन हुआ काम बंद हो गया. इनके ठेकेदार ने भोजन व्यवस्था करने से मना कर दिया. इस कारण ये पैदल 250 किलोमीटर चलकर गांव पहुंच आए. पैदल लौटे सभी ग्रामीण ने कंधे पर मिर्ची के भरे बोरे लादकर भी आए है. सभी की जांच कर क्वारनटाइन कर दिया गया है।

ग्रामीणों ने गांव की शरहद पर पहुँचकर अपनी स्वयं की जांच कराकर मानवता और जागरूकता का परिचय दिया है. क्योंकि जिस प्रदेश से ग्रामीण थक हारकर पैदल चलकर गांव पहुँचे थे. वह आंध्रप्रदेश कोरोना संक्रमण से जूझ रहा है. ऐसी जागरूकता अभियान से निश्चित ही कोरोना हारेगा।

नक्सल प्रभावित वनांचल ग्राम संजारी में फंसे 40 मजदूरों से रूबरू हुए कलेक्टर

■ हरसंभव मदद करने के लिए किया आश्वस्त

■ रतनपुर से आए श्रमिक आजीविका के लिए छिंद से झाड़ू बनाने का कार्य करते हैं

नव प्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य जिला मुख्यालय से 145 किलो मीटर दूर छुईखदान विकासखंड के अंतर्गत नक्सल प्रभावित क्षेत्र के सुदूर वनांचल ग्राम संजारी में लॉकडाउन में फसें 40 मजदूरों से रूबरू हुए और उनकी समस्याओं को सुनकर हरसंभव मदद करने के लिए आश्वस्त किया। मजदूरों ने उन्हें अवगत कराया कि ग्राम पंचायत संमुदपानी के आश्रित ग्राम संजारी में आजीविका के लिए वे छिंद से झाड़ू बनाने का कार्य करते हैं। सभी अपने परिवार के साथ बिलासपुर जिले के रतनपुर से आए थे और लॉकडाउन में यहां फंस गए। अब वे वापस घर जाना चाहते हैं। मजदूरों ने बताया कि रेडियो से उन्हें कोरोना वायरस संक्रमण के कारण विश्व में फैली इस महामारी की जानकारी मिलती रहती है। कलेक्टर श्री मौर्य ने एसडीएम डॉ. दिप्ती वर्मा को सभी मजदूरों के कोरोना से संबंधित स्वास्थ्य परीक्षण कर वापस उनके घर भेजने के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने 50 किलो चावल मजदूर परिवारों के लिए उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम के सरपंच अमर सिंह मरकाम की सेवा भावना की सराहना की।

इस अवसर पर जनपद सीईओ सुदर्शन बगरती, ग्राम के सचिव एवं अन्य अधिकारी, जनसामान्य उपस्थित थे।

गांव का नाम पूछने पर भागे रातभर पहरा देते रहे ग्रामीण

पवन तिवारी

धमतरी / मगरलोड। देश मे इन दिनों कोरोना संक्रमण के चलते लॉकडाउन है वही बाहरी व्यक्तियो का परिवेश वर्जित किया जा रहा हैं व अंजान व्यक्ति जो बाहर से जिले में आए है उसकी जानकारी प्रशासन को देने की बात कही जा रही है,जो जहाँ है उसे वही रहने और प्रशासन के द्वारा तामाम सुविधाएं मुहैया कराने की बात कही जा रही है, इसके बाद भी अज्ञात व्यक्ति इन दिनों जगलों की तरफ घूमते देखी जा रही जिसकों देख ग्रामीण दहशत में आखिर इन लोगों को ढूंढ निकालने में जिला प्रशासन असफल साबित हो रही है, वही यह अंजान लोग बेवजह घूम रहे स्वयं प्रशासन को सहयोग नहीं कर रहे आखिर इन लोगों के मन मे किस बात की डर है समझ से परे क्यों अपने आप को सामने लाना नही चाह रहे है किस बात की डर इन लोगो को है इन लोगों को चाहिए कि प्रशासन का सहयोग में भागीदारी बनना चाहिए जिससे ग्रामीण भय से दूर रह पाएंगे

गौरतलब हो कि कुछ दिनों पहले इजराइल के 4 लोग नगरी के तरफसे आ रहे थे जिसे मेघा में रोका गया था जिसको पूछताछ और जाँच के बाद भेज दिया गया व परसाबुडा में भी जर्मनी के एक पुरुष को पूछताछ व जांच के लिए कुरुद में रखा गया था,उसी प्रकार गुरुवार को कपालफोडी में 3 लोग को देखा गया जो रात के अंधेरे में मोबाइल टॉर्च जलाकर घूमते देखा गया जिसको जानकारी के लिए रोकने पर ग्रामीणों को देख लोग खेतों के तरफभाग निकले जिसके इंतजार में ग्रामीण रात भर जागते रहे लेकिन वापस नही आया जो की यह लोग बोडरा, गाड़ाडीह, भोथीडीह की ओर भागते देखा गया है यह लोग इस तरह चोरी छुपी भाग ही रहे है,कहाँ से आया,क्यों आया है इसकी जानकारी किसी को नही है.

वही ग्रामीणों का कहना है इस प्रकार अनजान बाहरी लोगों का प्रवेश इन क्षेत्रों में ज्यादा देखी जा रही जिससे लोगो के बीच मे कई प्रकार की बाते सामने आ रही व लोगों में दहशत का माहौल पनप रहा है, जिसके चलते ग्रामीण प्रशासन से अंजान लोगो को पकड़ने व इन क्षेत्रों में खास नजर रखने की बात कह रहें है ताकि अनजाने में किसी भी प्रकार की घटना घटित न हो ।

इस मामले में कपालफोड़ी के सरपंच देवा राम कंवर,स्थानीय किसन विस्वकर्मा,पोखराज ,नारायण साहू ने बताया कि चार पांच अनजान लोग रात में घूम रहे थे.जिसे रोकने पर वे लोग भाग गए वही ग्रामीणों ने पीछा किया लेकिन रात होने के चलते अज्ञात लोग भागने में कामयाब हो गए.क्षेत्र में अनजान लोगों के दिखने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

भूपेश के संग जीतबो महामारी के जंग

भूपेश के संग जीतबो महामारी के जंग

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। शुक्रवार को एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में एनएसयूआई द्वारा आज शाम 5:00 बजे से एक मुहिम चलाई जा रही है जिस मुहिम को भूपेश के संग (जीतबो महामारी के जंग) नाम दिया गया है इस मुहिम के चलते छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में एनएसयूआई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा चलाया जाएगा इस मुहिम में एनएसयूआई के पदाधिकारियों का काम यह रहेगा की अपने अपने क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति एवं परिवार को राशन व खाना बांटा जाएगा इस मुहिम से पदाधिकारियों को फेक न्यूज़ जैसी चीजों से लोगों को जागरूक करने का काम करेगी छत्तीसगढ़ सरकार ने पढ़ने के लिए ऑनलाइन पोर्टल की व्यवस्था की है उसमें किसी भी प्रकार की यदि कोई समस्या आती है तो उसके लिए एनएसयूआई के पदाधिकारी छात्रों की मदद करेंगे ऐसे कई कार्य घर-घर जाकर सनराइज करना इसमें शामिल है इस कार्य को छत्तीसगढ़ के हर जिले में एनएसयूआई के पदाधिकारियों द्वारा नियमित रूप से किया जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा का कहना है की हम अपनी पूरी ताकत से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के साथ कार्य करने के लिए तैयार है हमने आज ऑनलाइन मीटिंग के जरिए सभी प्रदेश एवं जिले के पदाधिकारियों को यह कार्य सौंप दिया है की आम लोगों तक राशन एवं खाना पहुंचाना एवं छात्र रसोई के द्वारा जो लोग फुटपाथ एवं अन्य किसी जगह पर गुजर-बसर करते हैं उन तक छात्र रसोई के द्वारा खाना पहुंचाया जाएगा इसी के साथ हम लोगों को फेक न्यूज़ और ऑनलाइन पोर्टल मे के जो छात्र एवं छात्राएं पड़े हैं उनको किसी भी प्रकार की असुविधा होगी तो वह एनएसयूआई के पदाधिकारियों द्वारा समाधान किया जाएगा इस महामारी के जग में हमने भूपेश के संग(जीतबो महामारी के जग) की शुरुआत कर दी है मुझे पूर्ण रूप से भरोसा है कि एनएसयूआई के सभी कार्यकर्ता इस अभियान को बहुत ही सफलता पूर्ण तरीके से इसमें काम करेंगे।। तुषार गुहा, प्रदेश प्रवक्ता, छत्तीसगढ़ ।

तिग्गा को राज्य कर्मचारी संघ नें भावभीनी श्रद्धांजलि दी

रायपुर। अपने श्रेष्ठ कार्यों के लिए विगत वर्ष मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों सम्मानित होने वाली स्वास्थ्य संयोजिका पुष्पा तिग्गा का आकस्मिक निधन हो गया। श्रीमती तिग्गा को राज्य कर्मचारी संघ नें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय प्रवक्ता और राज्य कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष शशिकांत सिंह गौतम, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आमोद श्रीवास्तव, विनोद पाठक, रमऊ लाल सार्वा, उमेश सिंह, यू धर्मेंद्र पटनायक, चंद्र प्रकाश देवांगन, विक्रम सिंह परिहार आदि नें बताया की पुष्पा तिग्गा पिछले दस वर्षों से भी अधिक समय से सुकमा जिला के सुदूर जंगल स्थित कुन्ना उप स्वास्थ केन्द्र में पदस्थ थीं। वे स्वयं विगत 2 वर्षों से कैंसर से पीड़ित थीं। श्री गौतम नें बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नें उन्हें रायपुर में आयोजित कायाकल्प कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए फ्लोरेंस नाइटेंगल ऑफछत्तीसगढ़ की उपाधि दी थी।

हथिनी के हमले से वृद्ध की मौत

■ महुआ बीनने गया था जंगल

नव प्रदेश संवाददाता

महासमुंद। बार नयापारा क्षेत्र के ढेबीखार के जंगल में एक हथिनी ने महुआ बीनने के लिए गए बुजुर्ग पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। वहीं उसके साथ महुआ बीनने गए एक अन्य ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई।

जानकारी के मुताबिक ग्राम ढेबीखार निवासी मोहन खडिया़ (69) गुरुवार सुबह वन विकास निगम क्षेत्र के मोहदा बीट के कक्ष क्रमांक-144 में महुआ बीनने गया था। इसी दौरान उसका सामना हाथी से हो गया। हाथी ने बुजुर्ग को उठाकर पटक दिया और गंभीर रूप से घायल कर छोड़ दिया। मृतक के साथ गांव के ही दो अन्य व्यक्ति भी महुआ बीनने जंगल की ओर गए हुए थे। जंगल के अंदर हाथियों का झुंड मौजूद था, इसकी भनक उन्हें नहीं लग पाई। अचानक झुंड से निकलकर एक हाथी ने दौड़ाकर पकड़ लिया और पटक दिया। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि हाथी ने उसे पटक-पटककर मौके पर ही मार डाला, जबकि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हाथी ने मोहन को घायल अवस्था में छोड़ दिया था। उसके साथ गया एक अन्य व्यक्ति किसी तरह भागकर अपनी जान बचा पाने में सफल रहा। उन्होंने गांव में आकर इसकी जानकारी गांव वालों को दी। तब गांव वालों ने मोहन को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी मिली है कि वन विभाग की ओर से 25 हजार रुपए की तात्कालिक सहायता परिजन को दी गई है।

दूसरे प्रदेश में फंसे मजदूरों की मदद के लिए लगातार प्रयासरत हैं विधायक चंद्राकर

■ महासमुंद जनपद क्षेत्र से तीन सौ से अधिक मजदूरों के फंसे होने की मिली है जानकारी

महासमुंद (नव प्रदेश)। महासमुंद जनपद पंचायत क्षेत्र के करीब तीन सौ मजदूर दूसरे राज्यों में फंसे हैं। जिन्हें राहत पहुंचाने विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर प्रयासरत हैं। विधायक श्री चंद्राकर जिला प्रशासन के सहयोग से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के संज्ञान में मामला लाकर फंसे श्रमिकों के लिए रहने-खाने की व्यवस्था कराई जा रही है।

विधायक श्री चंद्राकर न केवल क्षेत्र के जरूरतमंदों की सुध लेकर राशन-भोजन मुहैया करा रहे हैं बल्कि दूसरे प्रदेशों में फंसे यहां के मजदूरों की मदद के लिए भी प्रयास कर रहे हैं। विधायक श्री चंद्राकर ने श्रम अधिकारी डीके राजपूत से लॉकडाउन में दीगर प्रदेश में फंसे मजदूरों की जानकारी लेकर उन्हें राहत पहुंचाने आवश्यक पहल करने पर जोर दिया। जिस पर श्रम अधिकारी श्री राजपूत ने बताया कि जैसे-जैसे दूसरे प्रदेशों में मजदूरों के फंसे होने की जानकारी मिल रही है वैसे-वैसे वहां के स्थानीय प्रशासन से तालमेल बनाते हुए उन्हें मदद दिलवाई जा रही है। विधायक श्री चंद्राकर ने बताया कि जनपद पंचायत कार्यालय महासमुंद से मिली सूची के अनुसार उत्तरप्रदेश में ग्राम कोलपदर के 66 मजदूर तथा ग्राम लोहारडीह के 17 मजदूर, झारखंड में ग्राम लोहारडीह के 27 मजदूर, उत्तरप्रदेश में ग्राम खट्टा के 39 मजदूर, रांची झारखंड में ग्राम लोहारडीह के 26 मजदूर, महाराष्ट्र में कोलपदर के 42 मजदूर, महाराष्ट्र में ग्राम खट्टा के चार मजदूर, सुल्तानपुर उत्तरप्रदेश में ग्राम खरोरा के 6 मजदूर, पुणे महाराष्ट्र में ग्राम लखनपुर के दस मजदूर, चेन्नई में ग्राम लखनपुर के 12 मजदूर, अयोध्या, फैजाबाद उत्तरप्रदेश में झलप के 13 मजदूर, उत्तरप्रदेश में ग्राम अमलोर के आठ मजदूर, पुणे महाराष्ट्र में ग्राम अमलोर के चार मजदूर, तेलंगाना में ग्राम छपोराडीह के 6 मजदूर सहित अन्य मजदूरों के फंसे होने की जानकारी है। जिनसे संपर्क कर मदद के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने प्रदेश सरकार के साथ ही कलेक्टर सुनील जैन व पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर सहित श्रम विभाग के अधिकारियों के सहयोग की सराहना की है।